ओम साईं राम
सुरभि बोरवेल्स
SURBHI BORWELL'S
7, 6 एवं 4.5 नलकूप खनन हेतु संपर्क करें
मो.-9826106555, 9329023102
संदीप मिश्रा
रिसाली, कृष्णा टॉकीज रोड, डॉ. विपिन अरोरा के बाजू में, एक्सिस बैंक के एटीएम के पीछे, भिलाई (छ.ग.)

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करे
Mob.-: 9303289950 7987166110

वर्ष- 14, अंक - 27 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 10 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### बौद्ध महासभा में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से मचा जमकर बवाल हिंदू संगठनों ने फूंका कांग्रेस नेता का पुतला

**राजनांदगांव।** बौद्ध महासभा में हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को हिंदू संगठनों और अलग-अलग हिंदू समाज के लोगों ने आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्ट्रेट, एसपी ऑफिस, बसंतपुर थाना और राजगामी संपदा के दफ्तर में जमकर प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी है कि हिंदू देवी-देवताओं को अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसलिए आयोजकों के खिलाफ अगर कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

***कांग्रेस नेता के खिलाफ खोला मोर्चा***

हिन्दू संगठनों ने राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष वासनिक पर जानबूझ कर हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ बौद्ध महासभा में शपथ लेने का आरोप लगाकर उन्हें पद से व कांग्रेस पार्टी से हटाने की मांग की है। सनातन धर्म रक्षा समिति संयोजक संतोष पटाक ने कहा कि 7 नवंबर को मोहारा में बौद्ध समाज के कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर ओछी मानसिकता का परिचय दिया गया है। यह घोर निंदनीय है।

***इन संगठनों ने किया प्रदर्शन***

हिन्दू संगठनों ने आयोजनकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज करने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को वैष्णव समाज, छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा, सर्वयादव समाज, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य हिन्दू संगठनों ने दोषियों पर कार्रवाई करने कलेक्टोरेट, एसपी आफिस, बसंतपुर थाना और राजगामी संपदा के दफ्तर में जमकर प्रदर्शन किया और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। अध्यक्ष राजगामी संपदा, राजनांदगांव विवेक वासनिक ने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। भारत के संविधान में सभी धर्म, जातियों को अपने-अपने तरीके से धर्मों को मानने की मौलिक स्वतंत्रता है। सम्मेलन में देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी नहीं हुई है। सभा में मैंने शपथ नहीं ली है।

### सनसाईन हाईटेक इन्फाकन के निवेशकों को बड़ी राहत

# कंपनी की 1.40 करोड़ रुपए की संपत्ति नीलाम




#### पांच वर्ष में राशि दोगुना करने का दिया था झांसा

सनसाईन हाईटेक इन्फाकन लिमि. कंपनी के खिलाफ 16 मार्च 2017 को मेघनाथ देशलहरे, खम्हरिया थाना उतई द्वारा शिकायत कर्ज कराई गई थी। चिटफंड कंपनी सनसाईन हाईटेक इन्फाकन लिमि. कंपनी द्वारा जमा राशि 05 वर्ष में दुगुना देने का लालच देकर धोखाधड़ी की गई थी। इस मामले में पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टरों के खिलाफ 420, 34 भादवि एवं छ.ग. के निक्षेपकों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। विवेचना कम में सनसाईन हाईटेक इन्फाकन लिमि. कंपनी के 04 डॉयरेक्टर एवं पदाधिकारियों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया।

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सनसाईन हाईटेक इन्फाकन लिमिटेड के निवेशकों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। रकम दोगुनी करने के झांसे में आकर लाखों रुपए गवां चुके निवेशकों को जल्द ही उनके रुपए वापस मिलेंगे। बालोद जिले के विशेष न्यायालय द्वारा संपत्ति कुर्की का आदेश जारी होने के बाद कलेक्टर ने गुरूर तहसीलदार के माध्यम से 1 करोड़ 40 लाख रुपए सनसाईन हाईटेक इन्फ्राकॉन लिमिटेड की संपत्ति नीलाम की है। नीलामी से मिली राशि कंपनी के निवेशकों में बांटी जाएगी।

बता दें छत्तीसगढ़ में चिटफंड कंपनियों की धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयास से रुपए लौटाए जा रहें हैं। इसके लिए प्रदेश भर में चिटफंड कंपनियों के घोटालेबाजों पर कार्रवाई की जा रही है। दुर्ग जिले में भी इसके तहत कई कंपिनयों के डायरेक्टरों को गिरफ्तार कर उनकी संपत्ति कुर्क की गई है। इसी कड़ी में चिटफंड कंपनी सनसाईन हाईटेक इन्फाकन लिमि. कंपनी संपत्ति कुर्क कर नीलाम की गई है।

#### बालोद की संपत्ति को किया गया नीलाम

प्रकरण में जांच के दौरान सनसाईन हाईटेक इन्फाकन लिमि कंपनी के गिरफ्तार डायरेक्टर रमेशचंद्र नायक निवासी चायना सेमलखेड़ी राणापुर झाबुआ (मप्र) के स्वामित्व की जिला बालोद अंतर्गत ग्राम बालोदगहन, तहसील गुरूर प.ह.न. 29 खसरा नंबर 391/1 रकबा 0.62 हेक्टेयर को चिहिन्त कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा 11 फरवरी 2022 को कुर्की का आदेश जारी किया था। इसके बाद बालोद विशेष न्यायालय के आदेश के बाद उक्त संपत्ति को 1 करोड़ 40 लाख रुपए में नीलाम किया गया है।

## गुजरात विस चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। 182 सीटों वाले गुजरात में बीजेपी की पहली लिस्ट में 160 नाम हैं। शेष सीटों पर भी मंथन के बाद जल्द ही प्रत्याशी तय कर दिए जाएंगे। बता दें गुजरात की 182 विधानसभा सीटों पर दो चरणों 1 और 5 दिसंबर को मतदान होना है। इसके नतीजे 8 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश के साथ आएंगे।

इससे पहले भाजापा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में गुजरात के 182 सीटों पर उम्मीदवारों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में सभी उम्मीदवारों के नाम तय होने के बाद गुरुवार को भाजपा ने पहली सूची जारी कर दी है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को घाटलोदिया से टिकट दिया गया है। भाजपा ने जामनगर उत्तर से क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा को टिकट दिया है।

#### पूर्व सीएम ने चुनव लड़ने से किया इंकार

पूर्व सीएम विजय रुपाणी और पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया। इसके अलावा रुपाणी सरकार में मंत्री रहे 8 नेताओं ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। विजय रुपाणी सरकार के मंत्री मंडल में शिक्षा और राजस्व मंत्री रहे भुपेन्द्र सिंह चुडासमा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसी के साथ गृह राज्यमंत्री प्रदीपसिंह जाडेजा ने भी चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। ऊर्जा मंत्री सौरभ पटेल जो कि बोटाद से विधायक हैं वह भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। भावनगर से विधायक और रुपाणी सरकार में मंत्री रहे विभावरी बेन दवे भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। रुपाणी सरकार के मंत्री कौशिक पटेल, वल्लभ काकडिया और योगेश पटेल भी चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## चंदूलाल मेडिकल कॉलेज को 4 साल बाद मिली मान्यता 150 एमबीबीएस सीटों के लिए आज से काउंसलिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** चार साल के इंतजार के बाद आखिरकार दुर्ग जिले के भिलाई स्थित शासकीय चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए मेडिकल काउंसिल ऑफइंडिया ने मान्यता दे दी है। इन सीटों में एडमिशन साल 2022-23 के सत्र के लिए चल रही काउंसलिंग के तहत ही होंगे। इसमें 22 सीटें ऑल इंडिया कोटे की रहेंगी। जानकारी के अनुसार गुरुवार से ही यहां प्रवेश के लिए काउंसिलिंग शुरू होगी।

#### सरकार ने किया था अधिग्रहण

भिलाई के कंचादूर में स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज की मान्यता 2017 में समाप्त हो जाने के बाद यहां पढ़ रहे एमबीबीएस के 400 स्टूडेंट्स का भविष्य दांव में लग गया था। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने इसका अधिग्रहण करने का फैसला लिया था। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद साल 2020 में इसके अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा किया गया।


#### प्रदेश में हो गए दस सरकारी मेडिकल कॉलेज

प्रदेश में अब मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल 1720 सीटें हो गई हैं। प्रदेश में 10 सरकारी और तीन निजी मेडिकल कॉलेज हैं। एमसीआई ने चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में 150 सीटों की अनुमति का पत्र राज्य सरकार को भेजा है। तीन दिन पहले ही आयोग की टीम कॉलेज के निरीक्षण के लिए आई थी। इस दौरान टीम ने कॉलेज में जरूरी सुविधाओं की जानकारी ली थी। डीएमई डॉ. विष्णुदत्त ने बताया कि चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में 150 सीटों की मान्यता मिली है।

## कर्ज के दबाव में पूरा परिवार खत्म, शख्स ने मजार के पास जाकर खाया जहर, पति-पत्नी व तीन बच्चों की मौत

**पटना ( एजेंसी )।** कर्ज के बोझ व लेनदारों की धमकियों से तंग आकर एक शख्स से परिवार के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना बिहार नवादा नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया मोहल्ला की है। यहां रहने वाले केदार लाल गुप्ता ने बुधवार की देर रात अपनी पत्नी और 4 बच्चों के साथ जहर खा लिया। इससे पति पत्नी सहित तीन बच्चों की मौत हो गई वहीं एक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के विजय बाजार में फल का दुकान चलाने वाले केदार गुप्ता पर 10 से 12 लाख रुपए का कर्ज था। उन्होंने व्यवसाय के नाम पर बाजार से ही कर्ज उठाया था। बताया जा रहा है कि कर्ज वसूली के लिए केदार गुप्ता पर काफी दबाव बनाया जा रहा था।



हालांकि कर्ज चुकाने के लिए उन्होंने कुछ समय भी मांगा लेकिन लेनदार लगातार दबाव बना रहे थे। इसी प्रताड़ना से तंग आकर केदार गुप्ता अपने परिवार के साथ मजार के पास पहुंचे और सभी ने जहर खा लिया। जगहर खाने से केदार लाल गुप्ता, उसकी पत्नी अनिता कुमारी और तीन बच्चे प्रिंस कुमार, शबनम कुमारी और गुड़िया कुमारी मौत हो गई। वहीं एक बेटी साक्षी की हालत गंभीर बनी हुई है। साक्षी को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से पटना रेफर किया गया है।

#### जहर खाने से पहले वीडियो भी बनाया

नवादा नगर पुलिस ने बताया कि कि जहर खाने से पहले मृतक केदार गुप्ता के बेटे प्रिंस ने एक वीडियो भी बनाया था। वीडियो में उसने कहा कि उनके परिवार पर काफी कर्ज का बोझ है और लेनदार लगातार वसूली के परेशान कर रहे हैं। लेनदार समय नहीं दे रहे जिसके कारण सभी ने जहर खाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल इस सामूहिक आत्महत्या के मामले की जांच की जा रही है।

हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# युद्ध के समय नसीहत

युद्ध के समय भारतीय विदेश मंत्री की मास्को यात्रा के निहितार्थ गहरे हैं और इसके जो परिणाम अभी तक सामने आए हैं, वे बेहद उत्साहजनक हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मास्को में भारत के पक्ष को दोहराते हुए कहा है कि भारत संवाद की ओर वापसी की जरूरत को दृढ़ता से दोहराता है। जब अर्थव्यवस्थाओं पर मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं, तब यह सुखद है कि विदेश मंत्री ने फिर से रूस को समझाया है। पिछले कुछ वर्षों में कोरोना महामारी, वित्तीय दबाव और व्यापार संबंधी कठिनाइयों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डाला है। ऊपर से रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजे सब झेल रहे हैं। गौर करने की बात है कि युद्ध के समय भी भारत और रूस विभिन्न स्तरों पर मजबूत और निरंतर संपर्क बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सितंबर में समरकंद में मुलाकात की थी और वहां भी प्रधानमंत्री ने समझाया था कि यह युद्ध का समय नहीं है। बहरहाल, रूस को दी गई नसीहत पर अमेरिका एक तरह से गदगद है। अमेरिकी प्रवक्ता ने यह तक कहा है कि रूस को भारत की नसीहत पर गौर करना चाहिए। हालांकि, युद्ध के खिलाफ कड़े कदम उठाने के साथ-साथ अमेरिका को भी संवाद-सुलह के बारे में सोचना चाहिए। केवल भारत की कोशिशों से युद्ध नहीं रुकने वाला। अभी दुनिया में कितने देश हैं, जो ऐसी कोशिश रूस के सामने मुखरता से कर रहे हैं? जब भारत को युद्ध के समय रूस से सस्ते में तेल मिल रहा है, तब भी भारत अगर युद्ध की जल्द समाप्ति चाहता है, तो यह बात दुनिया के विकसित देशों को भी समझनी चाहिए। भारतीय नीति शुरू से ही गुटनिरपेक्षता या बहुध्रुवीय दुनिया की रही है, इसलिए भारत कभी नहीं चाहेगा कि किसी एक ध्रुव की विजय हो जाए और पराजित ध्रुव का मानमर्दन हो। अमेरिका के लिए भी यह युद्ध सबक होना चाहिए। बहुध्रुवीय दुनिया ही युद्ध रोकने में ज्यादा कारगर होगी। जो रूस आज खुले तौर पर लगभग अकेला पड़ गया है, वह भी बहुध्रुवीय दुनिया के महत्व को कहीं बेहतर समझ रहा होगा। विदेश मंत्री ने मास्को में बहुध्रुवीय दुनिया या संतुलित दुनिया की ओर बेहतर इशारा किया है। इस यात्रा से रूस-भारत संबंधों को भी निस्संदेह बल मिला होगा। इतिहास गवाह है, रूस को साथ रखना रणनीतिक रूप से भारत के लिए हमेशा उपयोगी रहा है। अब चर्चा तेल की भी बहुत है कि भारत आखिर रूस से क्यों तेल ले रहा है? जयशंकर ने मास्को में कहा है कि भारत तेल लेना जारी रखेगा। अमेरिका चाहता है, सभी देश रूस पर अपनी निर्भरता कम करें, लेकिन वह भारत के अपने द्विपक्षीय हितों को भी स्वीकार करता है। अमेरिका को पता है कि विशाल आबादी वाले भारत की ऊर्जा जरूरतें बहुत ज्यादा हैं और किसी भी स्थिति में अमेरिका इतना तेल भारत को मुहैया नहीं करा सकता। ऐसे में, वह भारत को किसी से तेल लेने से कैसे रोक सकता है? यहां अमेरिका केवल निवेदन और नसीहत की मुद्रा में है। अमेरिका मानता है, यह रूस के साथ हमेशा की तरह व्यापार करने का समय नहीं है, लेकिन इस नसीहत पर दुनिया के कितने देश चल सकते हैं? भारत जैसे उदार देश के लिए इतना बहुत है कि अमेरिका इस तेल आयात को प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं मान रहा है। दुनिया में रूसी तेल के और भी खरीदार हैं। आज अमेरिका और उसके समर्थक देश रूस को किसी भी क्षेत्र में विश्वसनीय नहीं मान रहे हैं, पर भारत को अपने फैसले खुद लेने का क्रम जारी रखना चाहिए।

> “ अमेरिकी प्रवक्ता ने यह तक कहा है कि रूस को भारत की नसीहत पर गौर करना चाहिए। हालांकि, युद्ध के खिलाफकड़े कदम उठाने के साथ-साथ अमेरिका को भी संवाद-सुलह के बारे में सोचना चाहिए। केवल भारत की कोशिशों से युद्ध नहीं रुकने वाला। अभी दुनिया में कितने देश हैं, जो ऐसी कोशिश रूस के सामने मुखरता से कर रहे हैं? जब भारत को युद्ध के समय रूस से सस्ते में तेल मिल रहा है, तब भी भारत अगर युद्ध की जल्द समाप्ति चाहता है, तो यह बात दुनिया के विकसित देशों को भी समझनी चाहिए।

# राहुल की यात्रा का लाभ दिखा नहीं

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को दक्षिण भारत के राज्यों में बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है। राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रही इस यात्रा के दो महीने पूरे हो गए हैं। जिस दिन यात्रा के दो महीने पूरे हुए उससे एक दिन पहले छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आए और अगर यात्रा के चुनावी फायदे के हिसाब से देखें तो लाभ शून्य रहा। राहुल जिस राज्य में यात्रा कर रहे थे वहां भी कांग्रेस अपना पिछला प्रदर्शन नहीं दोहरा सकी। कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों ने जरूर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन खुद कांग्रेस जहां भी लड़ी वहां उसका प्रदर्शन बहुत खराब रहा।

भारत जोड़ो यात्रा जिस समय तेलंगाना में चल रही थी उसी समय मुनुगोडे विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। कांग्रेस पार्टी का राजगोपाल रेड्डी 2018 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 37 हजार से ज्यादा वोट से जीते थे। बाद में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गए। उपचुनाव में भाजपा ने उनको टिकट दी थी। उपचुनाव में सत्तारूढ़ टीआरएस के प्रभाकर रेड्डी को 97 हजार और राजगोपाल रेड्डी को 89 हजार वोट मिले, जबकि कांग्रेस की पी सरवंती रेड्डी को सिर्फ 23 हजार वोट मिले। यानी कांग्रेस पिछली बार जितने वोट से जीती थी उससे भी कम वोट उपचुनाव में मिला। इसी तरह ओडिशा की धामनगर सीट पर कांग्रेस का बहुत बुरा हाल रहा। कांग्रेस उम्मीदवार की जमानत जब्त हो गई। भाजपा के सूर्यबंशी सूरज को 80 हजार, बीजद के अबंति दास को 70 हजार और कांग्रेस के बाबा हरेकृष्णा सेठी को साढ़े तीन हजार वोट मिले। कुल मतदान का महज दो फीसदी वोट कांग्रेस को मिला। इस सीट पर चुनाव लड़े एक निर्दलीय उम्मीदवार को भी पांच फीसदी वोट मिले थे। कांग्रेस का उम्मीदवार उससे भी नीचे यानी चौथे स्थान पर रहा। यह ओडिशा में कांग्रेस के पूरी तरह से खत्म हो जाने का संकेत है।

कांग्रेस बिहार की मोकामा और गोपालगंज, उत्तर प्रदेश की गोला गोकर्णनाथ और महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट सीट पर नहीं लड़ी थी। पार्टी तेलंगाना और ओडिशा की सीट पर लड़ाई में होने की उम्मीद नहीं कर रही थी। लेकिन हरियाणा की आदमपुर सीट पर कांग्रेस ने पूरी ताकत लगाई थी और ऐसा लग रहा था कि वहां कांग्रेस का उम्मीदवार अच्छा प्रदर्शन करेगा। लेकिन आदमपुर सीट पर भी कांग्रेस बड़े अंतर से हारी। कांग्रेस को उम्मीद थी कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंदर सिंह हुड्डा की वजह से जाट का एकमुश्त वोट उसे मिलेगा लेकिन यह उम्मीद पूरी नहीं हुई। जाट वोट में इनेलो और आम आदमी पार्टी ने सेंध लगा दी। करीब 16 हजार वोट से कांग्रेस के जयप्रकाश हार गए। इसके साथ ही हिसार लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस मुक्त हो गया। इस क्षेत्र की नौ विधानसभा सीटों में से पांच भाजपा और चार उसकी सहयोगी जजपा के पास हैं। आदमपुर सीट पहले कांग्रेस के पास थी लेकिन कुलदीप बिश्नोई के पाला बदल कर भाजपा के साथ जाने के साथ ही यह सीट उसके हाथ से निकल गई थी।

> “ अगर हम इमारतों को तैयार करने में आधुनिक व उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, तो बड़ी तीव्रता के भूकंप भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगे। मगर दिक्कत यह है कि अपने देश में 'बिल्डिंग कोड' होने के बावजूद शायद ही घर-निर्माण में इस पर ध्यान दिया जाता है। जाहिर है, कानून लागू करने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी तय करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि नई इमारतें पूरी तरह से बिल्डिंग कोड का पालन करें।

# ध्यान रहे, ऊपर उठ रहा है हिमालय

अतींद्र के शुक्ला, पूर्व प्रमुख, भूकंप विज्ञान, मौसम विभाग



मंगलवार की देर रात नेपाल, चीन और भारत में आए भूकंप के झटके अस्वाभाविक नहीं थे। इसका केंद्र नेपाल का मणिपुर था और भूगोल के हिसाब से इंडियन टेक्टोनिट प्लेट पूर्व से पश्चिम तक फैला है, जिसमें हमारा पूर्वोत्तर का इलाका, हिंदुकुश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान के कुछ भाग आदि आते हैं। यहां इंडियन प्लेट अपने से कहीं भारी यूरेशियन प्लेट के भीतर समा रही है या टकरा रही है, जिससे न सिर्फ हिमालय ऊपर की ओर उठ रहा है, बल्कि यह पूरा इलाका ही भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील बन जाता है। फिलहाल 6.3 परिमाप का भूकंप आया है, पर पूर्व में इससे भी अधिक 'मैग्निट्यूड' के कंपन यहां आ चुके हैं। नेपाल का 1934 का भूकंप इसका दर्दनाक उदाहरण है।

हिमालय के आस-पास भूकंप का आना बेशक चौंकाने वाली बात न हो, लेकिन ऐसी प्राकृतिक परिघटना को गंभीरता से लेना चाहिए। चूंकि हिमालय का फैलाव काफी दूर तक है, इसलिए यहां हल्की सी भी उथल-पुथल हमें बड़ी चोट दे सकती है। इसकी प्रकृति को देखते हुए ही यहां आठ या इससे भी अधिक तीव्रता के भूकंप की आशंका जाहिर की जा चुकी है। अगर ऐसा होता है, तो नेपाल या सीमावर्ती इलाकों के अलावा दिल्ली या उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी तबाही मच सकती है। अगस्त 1988 में बिहार में आए भूकंप को हम अब तक कहां भूल सके हैं? मुश्किल यह है कि भूकंप का पूर्वानुमान संभव नहीं। चंद हल्की थरथराहटों से बड़े भूकंप की आशंका भी नहीं जाहिर की जा सकती। हां, कुछ तकनीकी और व्यावहारिक उपाय जरूर किए जा सकते हैं। मसलन, एक बेहतर चेतावनी सिस्टम तैयार करना। दरअसल, भूकंप में दो तरह की लहरें पैदा होती हैं- एक 'पी' और दूसरी 'एस'। दोनों में समयांतर होता है। 'पी वेब' अपनी प्रकृति के कारण नुकसान नहीं पहुंचाती, लेकिन 'एस' तुलनात्मक रूप से ज्यादा हानि करती है। जैसे ही दो टेक्टोनिक प्लेट्स आपस में टकराती हैं, तो पहले 'पी' लहर पैदा होती है। मान लीजिए, यदि भूकंप का केंद्र नेपाल है, तो 'पी वेब' को दिल्ली तक पहुंचने में कुछ सेकंड का वक्त लगेगा। इसके बाद ही 'एस वेब' पैदा होगी, जो समान देरी से दिल्ली पहुंचेगी। अगर हमने 'पी वेब' को केंद्र पर ही नाप लिया और इसकी जानकारी तुरंत दिल्ली से साझा कर दी, तो 'एस वेब' की मारकता से बचने के लिए हमारे पास 30 से 50 सेकंड तक का वक्त होगा। इसमें मेट्रो, परमाणु केंद्र, आपात चिकित्सा जैसी अनिवार्य केंद्रों व सेवाओं के लिए बचाव-उपाय किए जा सकते हैं। मैक्सिको जैसे देश ऐसे निगरानी तंत्र से ही अपना बचाव करते हैं। वहां भूकंप से बचने के लिए एजेंसियों को एक से डेढ़ मिनट का वक्त मिल जाता है। जाहिर है, एशिया में इस तरह का तंत्र बनाने के लिए हिमालय के आस-पास बसे सभी देशों को एक मंच पर आना होगा। इसके साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी कई उपाय किए जा सकते हैं, जो कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। जैसे, घर को भूकंपरोधी बनाना। सच भी यही है कि भूकंप इंसान की जान नहीं लेता, इमारतें लेती हैं। अगर हम इमारतों को तैयार करने में आधुनिक व उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, तो बड़ी तीव्रता के भूकंप भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगे। मगर दिक्कत यह है कि अपने देश में 'बिल्डिंग कोड' होने के बावजूद शायद ही घर-निर्माण में इस पर ध्यान दिया जाता है। जाहिर है, कानून लागू करने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी तय करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि नई इमारतें पूरी तरह से बिल्डिंग कोड का पालन करें। भूकंप के लिहाज से भारत में चार जोन- 2, 3, 4 और 5 तय किए गए हैं। इसमें जोन-5 काफी संवेदनशील है, तो जोन-2 अपेक्षाकृत कम। मकानों को तैयार करते वक्त इन पर भी गौर किया जाना चाहिए।

शहरों के अनियोजित विस्तार ने भी हमारी चिंताएं बढ़ाई हैं। दिल्ली में ही न जाने कितनी अवैध कॉलोनियां बस चुकी हैं। इनमें रहने वाली सघन आबादी निश्चय ही बारूद के ढेर पर है। चूंकि दिल्ली में 6.3 से भी अधिक तीव्रता का भूकंप आ चुका है और यह जोन-4 का हिस्सा है, इसलिए यह आशंका जताई जाती रही है कि बड़ा भूकंप यहां जान-माल का भारी नुकसान पहुंचा सकता है। सौभाग्य से, ऐसी नौबत अब तक नहीं आई है, लेकिन इस आशंका से पार पाने के उपायों पर हमारे नीति-नियंताओं को जरूर सोचना चाहिए। हम चाहें, तो 'रेट्रोफिटिंग' की तरफ ध्यान दे सकते हैं। अच्छी बात है कि साल 2005 में जो आपदा प्रबंधन अधिनियम बना, उसमें आपदा आने से पहले के बचाव-उपायों पर जोर दिया गया। इसमें जन-जागरूकता बढ़ाने की बात भी कही गई, जबकि इससे पहले की नीतियों में आपदा के बाद के राहत-कार्यों पर जोर दिया जाता रहा था। भूकंप से होने वाले नुकसान को टालने के लिए 'प्री-डिजास्टर मैनेजमेंट' काफी जरूरी है। आइसलैंड जैसे देशों में तो छोटे-छोटे परिमाप वाले भूकंप भी माप लिए जाते हैं, जिस कारण वे कहीं अच्छी तैयारी कर लेते हैं। हम ऐसा तंत्र नहीं बना सकते, लेकिन बचाव के उपायों के प्रति गंभीरता दिखाकर अपना नुकसान काफी कम कर सकते हैं। यह समझना होगा कि भूकंप ऐसी प्राकृतिक आपदा है, जिसे कतई रोका नहीं जा सकता, इसलिए बचाव के उपाय ही विकल्प हैं।

यहां यह भी जानना चाहिए कि एक बड़े भूकंप के बाद कुछ हल्के कंपन आते ही हैं। इसे 'ऑफ्टर-शॉक' कहते हैं। दरअसल, जमीन के अंदर जब कोई टुकड़ा टूटता है या अपना स्थान बदलता है, तो उसके 'सेटल' होने, यानी किसी नए स्थान पर जमने तक धरती कई बार हल्की-हल्की कांपती है। मगर आम धारणा यही है कि एक बड़ा भूकंप आने के कुछ समय बाद फिर से उसी तीव्रता का कंपन आ सकता है। वैज्ञानिक इस मान्यता को खारिज करते हैं। हां, अगर बड़े भूकंप से आपकी इमारत को थोड़ा-बहुत नुकसान भी पहुंचा हो, तो मुमकिन है कि आने वाले हल्के कंपन भी आपको बड़ी चोट पहुंचा जाएं। यही वजह है कि मंगलवार की देर रात के बाद अब फिर से तुरंत बड़े भूकंप आने की आशंका नहीं जाहिर की जा रही। हमें इस डर से ऊपर उठना होगा कि भारत में अभी बड़ी तीव्रता के भूकंप आ सकते हैं।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बीस प्रभावी देशों की अध्यक्षता से भारत को बहुत फायदा

समीर सरण, अध्यक्ष, ओआरएफ

ऐतिहासिक मौका था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अध्यक्षता में आयोजित होने जा रहे ग्रुप ऑफ 20 (जी20) की बैठक के लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण किया। जी20 के अध्यक्ष पद के लिए भारत की सोच वैश्विक मंच पर नेतृत्व की भूमिका निभाने के प्रधानमंत्री के मिशन के अनुरूप है। इससे देश में बदलाव, स्थिरता और अर्थव्यवस्था के उत्तरोत्तर विकास को बल मिलेगा। वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है) के लोकाचार के दायरे में प्रधानमंत्री मोदी जी20 के लिए तैयारियों में जुटे हैं।

हाल ही में प्रमुख भारतीय जलवायु पहल को माता भूमिः पुत्रोहम् पृथिव्या के अनुरूप ढाला गया है। यह दर्शाता है कि पृथ्वी हमारी मां है और हम उसके बच्चे हैं। इसी तरह से नए-नए कदमों के नाम भी रखे जा रहे हैं, जैसे एक सूर्य, एक संसार, एक ग्रिड, जिसे भारत जी20 के अपने भागीदारों के साथ मिलकर तैयार करेगा। यह एकता और साझा भविष्य को दर्शाता है। लोगो में दर्शाया गया कमल साझा ज्ञान, समृद्धि और आशा का प्रतिनिधि है। यह विचार संवाद से आम सहमति बनाने की भारतीय परंपरा से उपजा है। लोगो पर भारतीय ध्वज का रंग भी एक निश्चित प्रतीकात्मक महत्व रखता है। केसरिया रंग परंपरागत रूप से ताकत और साहस से जुड़ा है। नए शुरू किए गए मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) का मकसद टिकाऊ और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। इसके तहत जलवायु संकट से निपटने की कोशिशों का लोकतांत्रिकरण होगा। भारतीय तिरंगे का हरा रंग भूमि की उर्वरता और इसकी समृद्ध जैव विविधता का प्रतीक है। यह उस गंभीरता को दर्शाता है, जिससे भारत ने अपनी हरित प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है। भारत का वार्षिक प्रति व्यक्ति कार्बन फुटप्रिंट दो टन से कम है,



जो चीन का करीब चौथाई व अमेरिका का आठवां हिस्सा है। यह देश अपनी उत्सर्जन तीव्रता को साल 2005 के स्तर के आधार पर देखे, तो 2030 तक 45 प्रतिशत तक कम करने को प्रतिबद्ध है। उसी वर्ष भारत अपनी लगभग 50 प्रतिशत विद्युत उत्पादन क्षमता अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में स्थापित कर लेगा। साथ ही, भारत को विकसित देशों के सामने विकासशील देशों के लिए मुकाबला जारी रखना चाहिए। भारत इस एजेंडे को जी20 में भी आगे बढ़ा सकता है। जलवायु संबंधी न्याय और समानता को आदर्श बना लेना चाहिए। यहां तिरंगे के बीच स्थित चक्र के नीले रंग को याद कीजिए। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने तर्क दिया है कि जी20 को एक टिकाऊ नीली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिए। सागर, उसके संसाधन आर्थिक विकास के इंजन बन सकते हैं। जी20 के देशों के पास दुनिया के समुद्र तट का 45 प्रतिशत और इसके विशेष आर्थिक क्षेत्रों का 21 प्रतिशत हिस्सा है। इधर, भारत नीली अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय नीति को अंतिम रूप दे रहा है। एक बार तैयार हो जाने पर यह नीति अन्य जी20 देशों के लिए एक मॉडल के रूप में उपयोगी हो सकती है।

भारत को जी20 की अध्यक्षता तब हासिल हुई है, जब देश महामारी के चलते बढ़ी चुनौतियों के बावजूद पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारतीयों के ज्ञान और उद्यमशीलता को सामने लाने के लिए प्रौद्योगिकी भी साथ-साथ कदमताल कर रही है। भारत न सिर्फ दुनिया के सबसे बड़े वास्तविक डिजिटल लोकतंत्र के रूप में उभरा है, बल्कि यह डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के विकास को भी बढ़ावा दे रहा है, और भारत की विशाल आबादी भी उनका उपयोग करके मूल्य बढ़ा रही है। भारत में डिजिटल भुगतान 2026 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। उम्मीद है, इसकी डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगी। वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना जी20 का अहम मकसद रहा है। जी20 से भारत में तकनीकी विशेषज्ञता व नवाचारों के लिए निवेश बढ़ेगा।

राजनीतिक इच्छाशक्ति, तकनीकी सफलताओं और एक असामान्य आशावाद से प्रेरित साल 2023 भारत के लिए एक निर्णायक वर्ष होगा। प्रभावशाली राष्ट्रों के समूह का नेतृत्व करने के लिए इससे अधिक प्रभावी समय कभी और नहीं हो सकता।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# धारा के बीच फेंकना

रोबर्ट फ्रोस्ट प्रत्येक रात्रि प्रार्थना किया करते थे। मैं इस प्रार्थना से प्रेम करता हूं। वह परमात्मा से कहा करते थे- 'हे परमात्मा! यदि अपने विरुद्ध मेरी प्रार्थना के लिए तू मुझे क्षमा करे, तो मैं वादा करता हूं कि मैं तुझे अपने विरुद्ध किए गए उस महान पाप के लिए क्षमा कर दूंगा। मैं वादा करता हूं कि मैं तुझे अपने और मनुष्यता के विरुद्ध तुम्हारे द्वारा किए गए उस महान पाप के लिए क्षमा कर दूंगा।'

यह प्रार्थना अर्थपूर्ण है। यदि यह सोचा जाता है कि आदम ने कोई पाप किया है, तो यह बहुत छोटा सा पाप है और आदम एक बच्चा है, उसे क्षमा किया जा सकता है। लेकिन परमात्मा के बारे में? उसी ने उसे उत्तेजित किया। उसी ने पूरी स्थिति सृजित की। यदि आदम के कृत्य को एक पाप के रूप में सोचा जाता है, तो यह बहुत छोटा सा कुसूर है, एक नगण्य सा पाप। लेकिन परमात्मा? लेकिन मैं आदम के पाप को पाप मानता ही नहीं, और न परमात्मा के पाप को महान पाप कहता हूं। वह एक डिजाइन अथवा एक विधि थी, जिसके द्वारा अपने पैरों पर स्वयं खड़ा होकर चलने के लिए, अपनी वैयक्तिकता को पाने के लिए आदम की सहायता की जाए। क्या तुमने कभी गौर किया है? जब वृक्ष फलता-फूलता है, उस पर फल लगते हैं और उसके बीज पकते हैं, तो प्रत्येक वृक्ष अपने बीजों को हवा व पक्षियों द्वारा दूर-दूर तक भिजवाने का प्रयास करता है। वह जानता है कि यदि बीज उसके ही नीचे गिर गए, तो वे कभी विकसित होकर बड़ा वृक्ष न बन सकेंगे। उसे स्वयं अपना वैयक्तिक अस्तित्व बचाने के लिए अंतराल खोजना होता है।

यही थी वह तरकीब, जो परमात्मा ने आदम के साथ आजमाई। उसने उसे धक्का देकर दूर फेंकने का प्रयास किया, क्योंकि तुम केवल तभी विकसित हो सकते हो, जब अपनी निजता से अलग जाकर रहो। एक दिन बच्चे को स्कूल भेजना ही होता है। वह स्कूल न जाने के लिए रोता और चीखता है। वह परिवार के आत्मीय वातावरण, वहां की सुविधा, सुरक्षा और सलामती को छोड़ना नहीं चाहता। लेकिन उसे धक्के देकर वहां भेजा ही जाता है। उसे संसार में फेंकना ही होता है। यही परमात्मा ने भी किया। वह एक योजना, विधि अथवा एक उपाय था।

एक बार जब तुम संसार में फेंक दिए जाते हो, तो तुम स्वयं ही सीखोगे। कई बार तुम असफल होगे, जो सहज स्वाभाविक है, लेकिन बार-बार असफल होने पर तुम्हारे अंदर कुछ अंतर्दृष्टि का उदय होना प्रारंभ होगा, और वही अंतर्दृष्टि तुम्हें वापस लेकर आएगी। आदम संसार में आया... उसको आना ही पड़ा। जब आदम सीखता है, कुछ बनता है और वह स्वयं को जान लेता है, तब क्राइस्ट बन जाता है।

-ओशो

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239


















श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






### शिल्पग्राम को मिला बेहतर प्रतिसाद

# बुनकरों और शिल्पकारों ने किया एक करोड़ से अधिक का व्यवसाय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** परंपरागत शिल्प और बुनकरी के प्रति लोगों का रूझान लगातार बढ़ रहा हैं। राज्योत्सव के अवसर पर साइंस कॉलेज मैदान में बनाए गए शिल्पग्राम में इस बार लोगों ने जमकर अपनी रूचि दिखाई। बुनकरों और शिल्पकारों ने लगभग एक करोड़ रूपए की सामग्री की बिक्री की है। आदिवासी नृत्य महोत्सव में भाग लेने आये हुए देश-विदेश के कलाकारों ने भी शिल्पग्राम का अवलोकन कर बुनकरों और शिल्पियों की कला-कलाकृतियों की सराहना की। राज्योत्सव के अवसर पर लगाए गए शिल्पग्राम में प्रदेश के बुनकर, शिल्पियों,कुम्भकारों एवं चर्मशिल्पियों के द्वारा उत्पादित




विभिन्न सजावटी और दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदर्शित की गई थी। लोगों ने इस बार शिल्पग्राम की वस्तुओं में अधिक रूचि दिखाई, जिसके कारण राज्य के शिल्पकारों और बुनकरों ने एक करोड़ से अधिक का व्यवसाय किया। शिल्पग्राम के नोडल अधिकारी श्री बी.पी. मनहर ने बताया कि बुनकर सहकारी समितियों द्वारा 71.22 लाख रुपए, रेशम प्रभाग द्वारा 1.62 लाख रुपए, हस्तशिल्प द्वारा 25.58 लाख रुपए, माटीकला द्वारा 4.81 लाख रुपए, छ.ग. खादी बोर्ड द्वारा 3.37 लाख रुपए सहित कुल योग एक करोड़ 6 लाख 63 हजार रुपए की सामग्री का विक्रय किया।

गौरतलब है कि यहां पर कुल 40 स्टॉल में 72 बुनकर एवं शिल्पियों जिसमें राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत बुनकर और शिल्पियों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय तथा चाक पर मिट्टी के बर्तनों का निर्माण एवं करघे पर वस्त्र बुनाई का जीवंत प्रदर्शन किया गया, वहीं रेशम प्रभाग के स्टॉल में कोसा एवं रेशम कीटों द्वारा ककून का निर्माण एवं ककून से धागा निर्माण का जीवंत प्रदर्शन किया गया। शिल्पग्राम में बुनकर समितियों द्वारा कोसा साड़ी, शर्टिंग, सलवार सूट, दुपट्टा, जैकेट, शॉल एवं ड्रेस मटेरियल तथा कॉटन बेडशीट, बेडकव्हर, दरी, टावेल, रूमाल, शर्टिंग, बेलमेटल, काष्टशिल्प, टेराकोटा, बांस/केन की सामग्री एवं खादी के वस्त्र तथा चमड़े के जुते चप्पल आदि का प्रदर्शन कर विक्रय किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्योत्सव में स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना अंतर्गत 04 बुनकरों को एक-एक लाख रूपये, शाल, श्रीफल और प्रशस्ति ताम्रपत्र तथा राजराजेश्वरी करुणामाता हाथकरघा पुरस्कार योजना अंतर्गत 02 बुनकरों को एक-एक लाख रूपये,शाल, श्रीफल और प्रशस्ति ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## गोधन न्याय योजनाः प्रदेश में अब तक जांजगीर-चांपा जिले में सर्वाधिक गौमूत्र की खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना का जांजगीर-चांपा जिले में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का नतीजा है कि जांजगीर-चांपा जिले में अब तक प्रदेश में सर्वाधिक गौमूत्र की खरीदी की गई है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिला 9 हजार 2 सौ 28 लीटर गौमूत्र खरीदी के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन में जिले में गौमूत्र से फसलों में कीटनियंत्रक और वृद्धि के लिए ब्रह्मास्त्र और जीवामृत उत्पाद तैयार किया जा रहा है, जिससे जिले के किसान अधिकाधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जिले में वर्तमान में 106 किसान गौमूत्र से बने उत्पाद जीवामृत एवं ब्रह्मास्त्र का लाभ ले रहें हैं। जिससे जिले के किसानों को खर्चीले रासायनिक कीटनाशकों से मुक्ति मिल रही है और वे जैव कीटनाशकों का उपयोग कर लाभन्वित हो रहे है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड अकलतरा के तिलई गौठान एवं विकासखण्ड नवागढ़ के खोखरा गोठान में चार रूपये प्रति लीटर की दर से अब तक 7 हजार 216 लीटर गोमूत्र खरीदी की जा चुकी है तथा गौमूत्र से बने उत्पाद ब्रह्मास्त्र का 106 किसानों के खेतों में प्रयोग कराया गया है। विकासखण्ड अकलतरा के तिलई गोठान के आरती स्व सहायता समूह की महिलायें गौमूत्र से जीवामृत वृद्धिवर्द्धक और ब्रह्मास्त्र कीटनाशक बना रही है। महिलाओं ने यहां जीवामृत 200 लीटर एवं ब्रह्मास्त्र 9 सौ 11 लीटर बनाकर 8 सौ 64 लीटर उत्पाद विक्रय से कुल 51 हजार 200 रूपये लाभ प्राप्त कर लिया है। इसी प्रकार विकासखण्ड नवागढ़ के खोखरा गोठान में सागर स्व-सहायता समूह की महिलायें गोमूत्र से कीटनाशक बनाने में जुटी हुई है। उन्होंने अबतक 9 सौ 74 लीटर ब्रह्मास्त्र (कीट नियंत्रक) एवं 400 लीटर जीवामृत (वृद्धिवर्धक) बनाकर विक्रय कर 64 हजार 700 रुपये का लाभ प्राप्त कर लिया है।

ब्रह्मास्त्र और जीवामृत उत्पाद का उपयोग करने वाले अकलतरा विकासखंड के ग्राम तिलई निवासी किसान देवराज कुर्मी ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा उनके गांव के किसानों को इसके फायदे के संबंध में संगोष्ठी, कृषक परिचर्चा एवं मुनादी के द्वारा दी गई, इससे प्रभावित होकर उन्होंने अपने 3 एकड़ धान फसल में 3 बार 15-15 दिन के अंतराल में कीटनियंत्रण हेतु जैव कीटनाशक ब्रम्हास्त्र का छिड़काव किया है। इससे उन्होंने कीटों पर प्रभावी नियंत्रण पाया है तथा उनके फसल का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। इसी तरह अकलतरा विकासखंड के ग्राम तिलई के किसान खिलेंद्र कौशिक (पिता रथराम कौशिक) बताते हैं कि इस वर्ष उन्होंने 4.50 एकड़ में धान फसल लगाया है। जिसमें 1 एकड़ में गौमूत्र से तैयार वृद्धिवर्धक का उपयोग किया है। इससे उनके धान फसल का स्वास्थ्य अच्छा है।

### खास खबर

## प्रदेश में अब तक 1.74 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में धान खरीदी का महाभियान 01 नवम्बर से प्रारंभ है। यह अभियान 31 जनवरी 2023 तक चलेगा। प्रदेश में अब तक किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 1 लाख 74 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। आज 9 नवम्बर को किसानों से 55 हजार 707 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। धान के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत अब तक 375.11 करोड़ रुपये का भुगतान जारी कर दिया गया है। खाद्य विभाग के सचिव श्री टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि धान बेचने वाले किसानों को आज 23,682 टोकन जारी किए गए थे। टोकन तुंहर हाथ एप्प के द्वारा 2687 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस की खरीदी के लिए राज्य में धान उपार्जन के लिए 22,317 टोकन तथा तुंहर हाथ एप के जरिये 2,469 टोकन जारी किए गए हैं। राज्य में धान खरीदी निर्बाध रूप से जारी है। अधिकारी धान की व्यवस्था पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं। धान खरीदी को लेकर कहीं से किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। खाद्य सचिव वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर धान खरीदी के साथ साथ कस्टम मिलिंग के लिए धन का उठाव प्राम्भ हो गया है। अब तक 22 हजार 192 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए जारी किए गए हैं। जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 3,692 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष लगभग 110 लाख मीट्रिक धान का उपार्जन अनुमानित है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 1.86 लाख नये किसान है। इस साल किसानों से सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है।

### आत्मानंद स्कूलों के राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग उद्घाटन

# छग के रग-रग में रचा-बसा सांस्कृतिक विविधता का रंगः मंत्री डॉ. टेकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम स्वामी आत्मानंद योजनांतर्गत संचालित स्कूलों के दो दिवसीय राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आज राजधानी रायपुर स्थित प्रणवानंद अकादमी के सभागार में रंगारंग उद्घाटन किया। राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में 321 विद्यार्थी भाग ले रहें हैं। इनमें रायपुर संभाग से 88 विद्यार्थी, बस्तर संभाग से 61, सरगुजा संभाग से 77, बिलासपुर संभाग से 50, दुर्ग संभाग से 45 विद्यार्थी शामिल हैं। साथ ही 30 शिक्षक भी इन बच्चों के मार्गदर्शक के रूप में शामिल हुए हैं। प्रतिभागी बच्चों को नाटक, एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल व समूह गायन, वादन कला में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका मिलेगा।




स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने उद्घाटन सत्र में कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के रग-रग में सांस्कृतिक विविधता के रंग रचे-बसे है।

सुकमा से सूरजपुर तक भाषा, वेशभूषा और रीति-रिवाज की एक सुनहरी कड़ी की हम छत्तीसगढ़िया ही नहीं वरन् देश-दुनिया के लिए एक अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अभी हॉल ही में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आदिवासी महोत्सव में 28 राज्य एवं 10 देशों के संस्कृतियों के आदान-प्रदान का साक्षात्कार सभी ने किया।

डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति अपनी जड़ों से जुड़कर विकास एवं सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त करती है। यह सब तभी हो सकता है, जब बच्चों को उचित अवसर एवं मंच दिया जाए। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद योजना के अंतर्गत प्रदेश में संचालित 279 अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों के विद्यार्थियों की स्कूल स्तर से राज्य स्तर तक सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से उनके भीतर की कला को विकसित एवं प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय आयोजन में प्रतिभागी बच्चे एवं शिक्षक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के रहन-सहन, खान-पान, भाषा-बोली का भी आदान-प्रदान करेंगे।

डॉ. टेकाम ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता ही नहीं, वरन् समाज को जोड़ने का कार्यक्रम भी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का भावनात्मक विकास होता है। बच्चों को एक दूसरे को समझने का मौका मिलता है, व्यक्ति के अंतरनिहित क्षमता का विकास होता है। व्यक्तित्व विकास के माध्यम से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। ऐसे आयोजनों से व्यक्ति को अपनी क्षमता के आकलन का अवसर भी प्राप्त होता है, जिससे वह एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भूमिका तैयार कर सकता है। डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं, जिसे आम नागरिकों का भरपूर समर्थन प्राप्त है। यही कारण है कि आज समाज के सभी क्षेत्रों में आत्मानंद स्कूल खोलने की लगातार मांग की जा रही है और सरकार द्वारा इस क्षेत्र में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रायपुर संभाग के. कुमार, प्रणवानंद अकादमी के सचिव शिवरूपानंद स्वामी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर आर.एल. ठाकुर, आर.एन बंजारा, सेजस के जिला नोडल अधिकारी के.एस. पटले, सहायक नोडल अधिकारी सत्यदेव वर्मा, सहायक संचालक एम.मिंज, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तिल्दा, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी, प्रणवनंद अकादमी की प्राचार्य श्रीमती ए.घोष, निर्णायकगण सहित सभी संभागों के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं और मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित थे।

## राज्योत्सव में उड़ान उत्पादों के प्रति लोगों में दिखा उत्साह



श्रीकंचनपथ न्यूज

कोण्डागांव। रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउण्ड में राज्य के 22वें स्थापना वर्ष पर 01 नवम्बर से 06 नवम्बर तक आयोजित राज्योत्सव में उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी द्वारा उत्पादित उत्पादों के प्रति लोगों में खासा उत्साह दिखा। उड़ान के स्टॉल में आकर लोगों ने उड़ान द्वारा उत्पादित तिखूर शेक, कोल्डप्रेस नारियल तेल, तिखूर प्रीमिक्स, आचारों के प्रति खासा उत्साह दिखाते हुए जमकर इन उत्पादों की खरीदी की। कई लोगों द्वारा इसकी तारीफ करते हुए बार-बार इन उत्पादों को खरीदा गया।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संचालक अवनीश कुमार शरण द्वारा स्टॉल का निरीक्षण करते हुए यहां से उत्पादित स्थानीय उत्पादों को देखकर इनकी तारीफ की तथा इसका और अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। राज्योत्सव में कोण्डागांव के अचारों के स्वाद ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। राज्योत्सव में उड़ान की ओर से वाईपी महेश्वर राठौर, बीओडी सदस्य कुमारी पटेल एवं हेमन्ती नाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से 63286 रूपयों के उड़ान उत्पादों का विक्रय राज्योत्सव में किया गया।

वहीं फरसगांव विकासखण्ड के बोरगांव के आदिवासी आभूषण निर्माता शिल्प कलाकार हसलाल नेताम द्वारा जनजातिय आभूषणों की प्रदर्शनी एवं कोण्डागांव के शिल्पकार विनोद विश्वकर्मा द्वारा रॉट आयरन शिल्प की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें लोगों का उत्साह देखते ही बनता था।

## राज्य में कृषकों को बीहन लाख उपलब्ध कराने पर्याप्त प्रबंध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के अनुरूप छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा किसानों को लाख की खेती के लिए प्रोत्साहित करने और उनकी आय में वृद्धि हेतु विशेष पहल की जा रही है। इसके परिपालन में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा बीहन लाख आपूर्ति तथा बीहन लाख विक्रय और लाख फसल ऋण की उपलब्धता के लिए मदद सहित आवश्यक व्यवस्था की गई है।



राज्य में बीहन लाख की कमी को दूर करने हेतु कृषकों के पास उपलब्ध बीहन लाख को उचित मूल्य पर क्रय करने के लिए क्रय दर का निर्धारण किया गया है। इसके तहत कुसुमी बीहन लाख (बेर वृक्ष से प्राप्त) के लिए कृषकों को देय क्रय दर 550 रूपए प्रति किलो ग्राम तथा रंगीनी बीहन लाख (पलाश वृक्ष से प्राप्त) के लिए कृषकों को देय क्रय दर 275 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। इसी तरह कृषकों को बीहन लाख उपलब्ध कराने हेतु विक्रय दर का भी निर्धारण किया गया है। इसके तहत कुसुमी बीहन लाख (बेर वृक्ष से प्राप्त ) के लिए कृषकों को देय विक्रय दर 640 रूपए प्रति किलोग्राम और रंगीनी बीहन लाख (पलाश वृक्ष से प्राप्त) के लिए कृषकों को देय विक्रय दर 375 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

राज्य सरकार द्वारा किसानों को लाख की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिला सहकारी बैंक के माध्यम से लाख फसल ऋण निःशुल्क ब्याज के साथ प्रदाय करने हेतु व्यवस्था की गई है। इसके तहत लाख पालन करने हेतु पोषक वृक्ष कुसुम पर 5 हजार रूपए, बेर पर 900 रूपए तथा पलाश पर 500 रूपए प्रति वृक्ष ऋण सीमा निर्धारित है। लाख पालन को वैज्ञानिक पद्धति से करने हेतु राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा कांकेर में प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया है। इस केन्द्र में 03 दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण के साथ लाख उत्पादन क्लस्टर में ऑनफार्म प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

राज्य में योजना के सफल क्रियान्वयन और लाख उत्पादन में वृद्धि करने के लिए 20 जिला यूनियनों में 03 से 05 प्राथमिक समिति क्षेत्र को जोड़ते हुए लाख उत्पादन क्लस्टर का गठन भी किया गया है। इसके तहत प्रत्येक लाख उत्पादन क्लस्टर में सर्वेक्षण कर कृषकवार बीहन लाख की मांग की जानकारी ली जा रही है। इनमें कृषकों को संघ द्वारा निर्धारित मूल्य पर बीहन लाख प्रदाय करने हेतु आवश्यक कुल राशि को अग्रिम रूप से जिला यूनियन खाते में जमा कराना होगा। इसके तहत रंगीनी बीहन लाख के लिए कृषकों से प्राप्त मांग के अनुरूप राशि जमा किए जाने हेतु समय-सीमा 15 नवंबर तक निर्धारित है।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**जगदलपुर।** विधिक सेवा दिवस'' के अवसर पर 09 नवम्बर को केंद्रीय जेल जगदलपुर में निरुद्ध बंदियों के मध्य विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। केन्द्रीय जेल जगदलपुर में आयोजित विशेष विधिक साक्षरता शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव, अनिल कुमार बारा द्वारा केन्द्रीय जेल में निरूद्ध बंदियों को निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता एवं उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए उन्हें जेल में निरूद्ध रहने के विधिक अधिकारों का लाभ लेने के साथ-साथ उन्हें अपने सामाजिक जीवन में हिंसा का रास्ता छोड़कर अहिंसा की राह अपनाने को प्रेरित किया गया।






## खास खबर

### वायु प्रदूषण से हो सकता है आंखों को नुकसान

बाहर से आने के बाद आंखों को सीधे न छुएं हाथ बार-बार धोते रहें

**रायपुर।** आंख हमारे शरीर का बहुत नाजुक व महत्वपूर्ण अंग है। यह शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में वायु प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील होता है। वायु प्रदूषण का आंखों पर दुष्प्रभाव बिना किसी लक्षण से लेकर गंभीर जलन और पुराने दर्द तक हो सकता है। कॉन्टैक्ट लेंस के उपयोग के बावजूद आंखें इन दुष्प्रभावों के प्रति संवेदनशील होती हैं। वायु प्रदूषण फेफड़ों, हृदय और हड्डियों सहित हमारे लगभग सभी अंगों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

लंबे समय तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से आंखों का सामान्य स्वास्थ्य और दृष्टि क्षमता भी खराब हो रही है। यदि आंखें नियमित रूप से प्रदूषित वायु के संपर्क में रहती हैं, तो ड्राई आई सिंड्रोम, आंखों में पानी व जलन और धुंधली दृष्टि जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक के खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर पहुंचने से यह हमारी आंखों को बहुत ही गंभीर रूप से प्रभावित करता है। यह हमारी आंखों के स्वास्थ्य और इनकी रोशनी या दृष्टि के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है।

#### वायु प्रदूषण के संपर्क से आंखें इस तरह से हो सकती हैं प्रभावित

वायु प्रदूषण से मुख्य रूप से आंखों में लाली और जलन, आंखों से पानी बहना, आंखों में खुजली, डिस्चार्ज, आंखों में सूजन और आंखें खोलने में कठिनाई के साथ एलर्जी, आंखों में सूखेपन का रोग या ड्राई आई डिसीज जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इन लक्षणों में से कोई भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

# वेद-पुराण और संत-महात्माओं के संदेश हमें सद्मार्ग का रास्ता दिखाते हैंः राज्यपाल

**राज्यपाल ने दीप प्रज्वलन कर श्री शिवमहापुराण कथा कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री उइके राजधानी रायपुर में आयोजित पांच दिवसीय श्री शिवमहापुराण के पावन कथा कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर शामिल हुईं। राज्यपाल ने कहा कि शिवमहापुराण कथा का श्रवण सभी के लिए सौभाग्य का अवसर है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे वेद-पुराण प्राचीन ग्रंथों के संदेश एवड्ड संत-महात्माओं के द्वारा दिए गए उपदेश हमें सद्मार्ग पर चलने का रास्ता बताते हैं। उन्होंने प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ आकर यहां श्री शिवमहापुराण के पावन कथा वाचन के लिए धन्यवाद दिया। इस पावन अवसर पर महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, विधायक सत्यनारायण शर्मा, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।





राज्यपाल सुश्री उइके ने कथा श्रवण के लिए एकत्रित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में प्राचीनकाल से जब-जब अधर्म और अत्याचार बढ़ा तब-तब संतों ने किसी न किसी रूप में मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के वेद-पुराणों के वाचन एवं धार्मिक आयोजनों से सद्भाव का वातावरण निर्मित होता है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि संत-महात्माओं के द्वारा बताए रास्ते पर चलते हुए हमारे देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाए रखें।

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में जब लोग विभिन्न प्रकार के रोगों और मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में प्राचीन पुराणों एवं ग्रंथों का श्रवण हमारे चित्त को शांति एवं एकाग्रता प्रदान करते हैं। उन्होंने बताय कि शिव पुराण के संबंध में मान्यता है कि जो भी भक्त भगवान शिव की आराधना करता है या फिर इस शिव पुराण का पाठ करता है या करवाता है या फिर पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ शिव पुराण कथा का श्रवण करता है, भगवान शिव उसका कल्याण करते हैं। इस पवित्र कथा के सुनने मात्र से पुण्य की प्राप्ति होती है। मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं और व्यक्ति के समस्त प्रकार के कष्ट और पाप नष्ट हो जाते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान शिव सदैव लोक पकारी एवं कल्याणकारी हैं। पुराणों में शिव को त्याग-तपस्या वात्सल्य तथा करुणा की मूर्ति बताया गया है। कहा गया है कि शिव सहज ही प्रसन्न हो जाने वाले एवं मनोवांछित फल देने वाले देवता हैं। इस सृष्टि का निर्माण भगवान शिव की इच्छा मात्र से ही हुआ है, इसलिए उनकी भक्ति करने वाले व्यक्ति को संसार की सभी वस्तुएं प्राप्त हो सकती हैं। राज्यपाल ने इस अवसर पर पं.प्रदीप मिश्रा के छत्तीसगढ़ आगमन पर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# रबी सीजन में धान की बुआई का लक्ष्य शून्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कृषि विभाग द्वारा इस साल रबी सीजन के लिए निर्धारित फसल बुआई के कार्यक्रम में ग्रीष्मकालीन धान के रकबे का लक्ष्य शून्य कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा रबी में ग्रीष्मकालीन धान की बोनी को हतोत्साहित करने तथा अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसा किया गया है, ताकि धान की खेती के बजाय रबी सीजन में किसानों का रूझान गेहूं, चना, मटर सहित अन्य फसलों की ओर बढ़े। बीते रबी सीजन में राज्य में 2 लाख 22 हजार 170 हेक्टेयर में किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान की खेती की थी। इस साल रबी सीजन में राज्य में 19 लाख 25 हजार हेक्टेयर में रबी फसलों की बुआई का लक्ष्य निर्धारित है। वर्तमान में रबी फसलों की बुआई शुरू हो चुकी है। अब तक 89 हजार 340 हेक्टेयर में जौ-ज्वार, गन्ना और दलहनी, तिलहनी फसलों सहित साग-सब्जी की बुआई की जा चुकी है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 5 प्रतिशत है।

गौरतलब है कि राज्य में इस साल अच्छी बारिश होने की वजह से खरीफ फसलों, विशेषकर धान के खेतों में नमी बनी हुई है। अभी धान की कटाई और मिजाई जारी है। इसके चलते रबी फसलों की बोनी भी प्रभावित हुई है। गत वर्ष अक्टूबर माह के अंत 1 लाख 36 हजार 440 हेक्टेयर में रबी फसलों की बुआई हो चुकी थी। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रबी वर्ष 2022-23 में गेहूं के रकबे में बीते वर्ष की तुलना में 70 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी कर इसका रकबा इस साल 2 लाख 90 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। इसी तरह मक्का की खेती एक लाख 30 हजार हेक्टेयर, जौ-ज्वार एवं अन्य फसलों की खेती 16 हजार हेक्टेयर में लिये जाने का लक्ष्य है।

**मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू**

# युवाओं को जागरूक करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने आयोजित की सायकल रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मतदाता सूची में युवा मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा आज सायकल रैली का आयोजन किया गया। 'पेडल फॉर पार्टिसिपेटिव इलेक्शन्स की थीम पर आज सवेरे आयोजित रैली में रायपुर के युवाओं, दिव्यांगों, स्कूली बच्चों, तृतीय लिंग के व्यक्तियों, जिला प्रशासन व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। तेलीबांधा तालाब से शुरू हुई सायकल रैली घड़ी चौक और घड़ी चौक से वापस तेलीबांधा तालाब पहुंची। प्रसिद्ध समाज सेवी पद्मश्री से सम्मानित शमशाद बेगम और प्रसिद्ध पर्वतारोही एवं छत्तीसगढ़ के पीडब्ल्यूडी स्टेट आइकॉन चित्रसेन साहू ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। युवाओं को प्रेरित करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले और पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान ने भी रैली में सायकल चलाई। 1 जनवरी 2023 की स्थिति में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आज से शुरू हो गया है। 1 जनवरी 2023, 1 अप्रैल 2023, 1 जुलाई 2023 और 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूरे करने वाले युवा अपना नाम जुड़वाने 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। उनके 18 वर्ष पूर्ण होते ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर भी मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आज से शुरू हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र के पुणे में आज सायकल रैली सहित विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर इसका शुभारंभ किया गया। देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पाण्डेय सहित आयोग के वरिष्ठ अधिकारी पुणे में आयोजित कार्यक्रमों में भागीदारी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुणे आम चुनावों में देश में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले प्रमुख शहरों में शुमार है। शहरी और युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और मतदान के लिए प्रेरित करने तथा त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ के लिए पुणे को चुना गया है।

# किसानों की स्थिति को मजबूत बनाना शासन का लक्ष्यः डॉ. कमलप्रीत सिंह

**धान के बदले अन्य फसलों की खेती को बढ़ावा दें**

**इस साल रबी सीजन में 19.25 लाख हेक्टेयर में फसल बुआई प्रस्तावित**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने न्यू सर्किट हाउस में रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर खरीफ वर्ष 2022 की समीक्षा तथा रबी सीजन 2022-23 के कार्यक्रम निर्धारण की गहन समीक्षा की। बैठक में कृषि एवं संबंधित विभागों से संबंधित शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में रायपुर संभाग के कमिश्नर यशवंत कुमार, दुर्ग संभाग के कमिश्नर महादेव कांवरे और संचालक कृषि डॉ. अयाज तम्बोली, उद्यानिकी संचालक माथेश्वरन व्ही. सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बैठक में सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि और उससे संबंधित क्षेत्र से किसानों को लाभान्वित करना और उनकी स्थिति को मजबूत बनाना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्राथमिकता में शामिल है। किसानों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए राज्य में धान के साथ-साथ अन्य व्यवसायिक फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अन्य फसलों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही किसान न्याय योजना में खरीफ की सभी फसलों को शामिल कर इनपुट सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। राज्य शासन और केन्द्र शासन द्वारा दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं भी संचालित की जा रही है। किसानों को इसका लाभ सुनिश्चित कर दलहन और तिलहन की खेती के लिए उन्हें प्रेरित करें। कृषि उत्पादन आयुक्त ने पॉम प्लांटेशन को बढ़ावा देने तथा सिंचित क्षेत्रों में गेहूं की खेती को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस साल राज्य में हुई अच्छी बारिश हुई है। खेतों में अभी अच्छी नमी बनी हुई है, इसका फायदा उठाकर रबी फसलों का रकबा बढ़ाया जा सकता है। हम सबकी यह कोशिश होनी चाहिए कि किसान ऐसी फसलें उत्पादित करें जिसकी मार्केट में डिमांड हो, इससे किसानों को फायदा होगा।

बैठक में अधिकारियों की रबी सीजन 2022-23 के लिए किसानों को बीज एवं उर्वरक वितरण का कार्य तेजी से कराने के निर्देश दिए गए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि कृषि उत्पादकता में वृद्धि के लिए तीन बातों का विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। किसानों को अच्छे किस्म का उन्नत बीज और समय पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाने के साथ ही स्वायल हेल्थ टेस्टिंग और किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। बैठक में फसल बीज विक्रेताओं का अनिवार्य रूप से पंजीयन किए जाने के भी निर्देश दिए गए।

### बीते रबी सीजन में 18.30 लाख हेक्टेयर में हुई थी रबी फसलों की खेती

कृषि उत्पादन आयुक्त ने बैठक में फसल कटाई प्रयोग के बारे में सभी जिलों के अधिकारियों से जानकारी ली और कहा कि इसके आंकड़े पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। किसी भी स्थिति में फसल कटाई प्रयोग का गलत आंकड़ा फीड नहीं होना चाहिए यह संबंधित जिलों के कलेक्टरों की भी जिम्मेदारी है। शत-प्रतिशत किसानों का ई-केवायसी पूरा कराने एवं एक जिला-एक उत्पाद को प्रमोट करने के भी निर्देश दिए गए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने गौठानों में आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ वहां लघु औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के कार्य को प्राथमिकता कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठानों में स्थानीय कृषि एवं अन्य उत्पाद के वैल्यू एडिशन की यूनिट लगाई जानी चाहिए। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में रबी सीजन 2022-23 में 19.25 लाख हेक्टेयर में क्षेत्राच्छादन प्रस्तावित है। यह रकबा बीते रबी सीजन के पूर्ति के रकबे 18.30 लाख हेक्टेयर से 5 प्रतिशत अधिक है। इस साल रबी सीजन में 4.36 लाख हेक्टेयर में अनाज, 8.65 लाख हेक्टेयर में दलहन, 3.77 लाख हेक्टेयर में तिलहन तथा 1.97 लाख हेक्टेयर में अन्य रबी फसलों की बुआई प्रस्तावित की गई है। राज्य में अब तक 1.56 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की बुआई हो चुकी है। रायपुर संभाग में इस साल रबी सीजन में 2.82 लाख हेक्टेयर तथा दुर्ग संभाग में 6.76 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की बुआई का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जो उक्त दोनों संभागों में बीते रबी सीजन की तुलना में क्रमशः 17 प्रतिशत एवं 3 प्रतिशत अधिक है। बैठक में गोधन न्याय योजना, मिलेट मिशन, जैविक खेती, ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्का एवं अन्य फसलों की खेती, एकीकृत जल ग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम, सामुदायिक बाड़ी, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेन्डर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# हर महिला के पास जरूर होनी चाहिए ये 5 ट्रेंडी ब्लेंड्स और फैब्रिक वाली साड़ियां



प्रत्येक भारतीय राज्य की अपनी पारंपरिक साड़ी होती है और प्रत्येक का अपना महत्व होता है। हालांकि, हाल के वर्षों में विभिन्न फैब्रिक्स से बनी साड़ियों ने लड़कियों को आकर्षित किया है और इन्हें पहनने में एलिगेंट लुक भी मिलता है। अगर आपको नहीं पता है कि किन फैब्रिक्स के मिश्रण यानी ब्लेंड्स से बनी साड़ियों को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाना चाहिए तो आइए आज हम आपको ट्रेंडी साड़ी ब्लेंड्स और फैब्रिक्स के बारे में बताते हैं।

### साटन साड़ी

इन दिनों सबसे लोकप्रिय और ट्रेंडी साड़ियों में से एक साटन साड़ी को आपके एथनिक वियर कलेक्शन में शामिल किया जाना चाहिए। साटन सिल्क से बना होता है, जिसके रेशे रेशमकीट के कोकून से मिलते हैं। ये साड़ियां आरामदायक होती हैं और इनका वजन भी हल्का होता है। आप साटन की साड़ी को एंब्रॉयडरी वाले ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं।

### वेलवेट की साड़ी

वेलवेट की साड़ियों को बांधना आसान होता है और ये मुलायम होती हैं। इस साड़ी को पहनने से रॉयल लुक मिलता है। पुराने समय में लोग वेलवेट को एक शानदार फैब्रिक मानते थे और आमतौर पर शाही खानदान के लोग इससे बने कपड़े पहनते थे। खैर, आप वेलवेट की साड़ियों को त्योहारों और कई शुभ अवसरों पर पहन सकती हैं। वेलवेट की साड़ियां आमतौर पर रेयान और सिल्क के मिश्रण से बनाई जाती हैं।

### सेक्विन साड़ी

अगर आप ग्लैमरस लुक फ्लॉन्ट करना चाहती हैं तो इसके लिए सेक्विन साड़ी परफेक्ट है। बॉलीवुड अभिनेत्रियां भी सेक्विन साड़ी को बहुत पसंद कर रही हैं। इन साड़ियों को आमतौर पर सिल्क, नेट, क्रेप या जॉर्जेट के मिश्रण से बनाया जाता है और इन पर तरह-तरह के पैटर्न होते हैं। ये साड़ियां हल्की होती हैं और इन्हें कॉकटेल पार्टियों समेत नाइट आउट में पहना जा सकता है, लेकिन इन्हें कम से कम एक्सेसरीज और फैंसी पर्स के साथ स्टाइल करें।

### लिनन साड़ी

सबसे आरामदायक साड़ियों के फैब्रिक में से एक लिनन पौधे-आधारित फाइबर से प्राप्त होता है, जिसे फ्लैक्स कहा जाता है। ये साड़ियां हल्की होती हैं और इन साड़ियों में पसीने को सोखने की क्षमता अधिक होती है। हालांकि, यह साड़ी अन्य साड़ियों की तुलना में थोड़ी महंगी होती है। लिनन की साड़ियों को गर्मी के मौसम में पहनना एकदम सही हैं।

### लाइक्रा साड़ी

लाइक्रा साड़ियों को भी गर्मियों के अनुकूल माना जाता है। इस साड़ी को आप ऑफिस या पार्टी, दोनों ही जगह पर बड़े ही ग्रेसफुली तरीके से पहन सकती हैं। हल्के रंगों में आने वाली ये साड़ियां हर महिला की अलमारी में होनी चाहिए। बता दें कि कई बॉलीवुड अभिनेत्रियां इस तरह की साड़ी को कई कार्यक्रमों में पहन चुकी हैं।

## चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरैया में उर्वशी रौतेला करेंगी एक विशेष गीत



निर्देशक बॉबी कोल्ली की आगामी एक्शन एंटरटेनर वाल्टर वीरैया, जिसमें मेगास्टार चिरंजीवी और रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं, में बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी एक विशेष गीत में नजर आएंगी।

सूत्रों ने पहले खुलासा किया था कि, फिल्म में चिरंजीवी और रवि तेजा दोनों पर एक बड़ी संख्या होगी, जिसे हाल ही में हैदराबाद में शूट किया गया था। अब, सूत्रों का कहना है कि फिल्म में मेगास्टार चिरंजीवी और ग्लैमरस दिवा उर्वशी रौतेला पर एक विशेष गीत भी शूट किया जाएगा।

रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने फुट-टैपिंग नंबर बनाया है जिसका उच्च प्रतिधारण मूल्य होगा। टॉप कोरियोग्राफर शेखर मास्टर ने इस धमाकेदार गाने को कोरियोग्राफ किया है। मेस्त्री मूवीज मेकर्स इस फिल्म को बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में श्रुति हासन चिरंजीवी के साथ नायिका की भूमिका निभा रही हैं।

सभी व्यावसायिक सामग्रियों के साथ एक बड़े पैमाने पर एक्शन एंटरटेनर होने के लिए बिल किया गया, यह फिल्म नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर द्वारा बड़े पैमाने पर निर्मित की गई है, जबकि जी.के. मोहन सह-निर्माता हैं।

आर्थर ए. विल्सन कैमरा क्रैंक करते हैं, जबकि निरंजन देवरामन संपादक हैं और ए.एस. प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। सुष्मिता कोनिडेला कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं।

जहां कहानी और संवाद बॉबी ने खुद लिखे हैं, वहीं कोना वेंकट और के. चक्रवर्ती रेड्डी ने पटकथा लिखी है। लेखन विभाग में हरि मोहन कृष्ण और विनीत पोटलुरी भी शामिल हैं। संक्रांति, 2023 के लिए वाल्टर वीरैया स्क्रीन पर हिट होगी।



## गौतम कार्तिक और मैं एक-दूसरे से प्यार करते हैंः मंजिमा मोहन

निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन की फिल्म 'अचम एनबाथु मदमैयदा' में अपने अभिनय से सुर्खियों में आईं मंजिमा मोहन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साफ किया कि गौतम कार्तिक और वह एक-दूसरे से प्यार करते हैं। मंजिमा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, तीन साल पहले, जब मैं पूरी तरह से खो गई थी, तो आप एक अभिभावक देवदूत की तरह मेरे जीवन में आए। आपने जीवन के प्रति मेरा दृष्टिकोण बदल दिया और मुझे यह महसूस करने में मदद की कि मैं कितनी धन्य हूं। हर बार जब मैं पूरी तरह से गलत महसूस करती हूं, तो आप मुझे ऊपर सम्हालते हैं। आपने मुझे अपनी खामियों को स्वीकार करना और खुद को अधिक बार बनना सिखाया। और सबसे अच्छी बात जो मुझे आपके बारे में पसंद है, वह यह है कि मैं जो हूं उसके लिए आप मुझसे कितना प्यार करते हैं! आप हैं और हमेशा मेरे पसंदीदा सब कुछ रहेंगे।

इस पोस्ट को पोस्ट करने के तुरंत बाद, अभिनेता गौतम कार्तिक ने अपनी खुद की एक लंबी पोस्ट के साथ जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा कि वह उसे पूरे दिल से प्यार करते थे और वह उनके साथ अपनी यात्रा शुरू करने का इंतजार नहीं कर सकतें है।

## साई पल्लवी ने तमिल नृत्य आधारित वेब सीरीज 5678 का ट्रेलर किया जारी



अभिनेत्री साई पल्लवी, जो अपने नृत्य कौशल के लिए उतनी ही जानी जाती हैं, जितनी अभिनय के लिए, ने आगामी वेब श्रृंखला 5678 का एक आकर्षक और अपरंपरागत ट्रेलर जारी किया है, जो नृत्य पर आधारित है। ट्रेलर जारी करते हुए, साई पल्लवी ने कहा, हर बार जब मैं फाइव सिक्स सेवन आठ की गिनती सुनती हूं, तो जुनून, डर और पागलपन का मिश्रण होता है जो मुझे अंधा कर देता है! यह ट्रेलर यादें वापस ले आया! सीरीज में सभी नर्तकियों के लिए मेरा प्यार। मेरे विजय सर, प्रसन्ना जेके, मृधुला और संगीत निर्देशक सैम सी.एस. को। ए.एल. विजय, प्रसन्ना जेके और मृधुला श्रीधरन द्वारा निर्देशित यह वेब सीरीज इस साल 18 नवंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी। एएल अलगप्पन, हितेश ठाकुर द्वारा निर्मित, यह श्रृंखला प्रतिभाशाली किशोरों के एक समूह की कहानी कहती है। ट्रेलर में बच्चों का एक झुंड दिखाया गया है, जो गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं, लेकिन उन्हें डांस करना पसंद है। वे किसी भी पेशेवर प्रशिक्षण द्वारा समर्थित नहीं हैं। गेटेड कम्युनिटी से बच्चों को अपने कौशल को निखारते हुए देखना, युवा कलाकारों को अपने सपनों का पीछा करते देखना और बाधाओं के खिलाफ लड़ना उनके सपनों को पंख तब मिलते हैं, जब गेटेड कम्युनिटी का एक नया सदस्य केशव उनके साथ जुड़ जाता है। इसको लेकर निर्देशक विजय ने कहा, यह परियोजना मेरे दिल के बहुत करीब है और मेरे लिए खास है क्योंकि मैंने इस पर कुछ अद्भुत लोगों के साथ काम किया है।

# रोज एप्पल खाने से मिलेंगे ये पांच प्रमुख फायदे



रोज एप्पल की खूशबू और स्वाद गुलाब के फूल की तरह होता है और इसे सफेद जामुन और वॉटर एप्पल जैसे कई नामों से जाना जाता है। आमतौर पर दक्षिण पूर्व एशियाई देशों और भारत के कुछ उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में रोज एप्पल की खेती की जाती है। यह फल एंटी-ऑक्सीडेंट गुण, उच्च पानी की मात्रा समेत कई जरूरी विटामिन्स से भरपूर होता है। आइए जानते हैं कि रोज एप्पल के सेवन से क्या-क्या स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिल सकते हैं।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता को दे सकता है बढ़ावा

रोज एप्पल एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, इस पौष्टिक फल में उच्च मात्रा में विटामिन- ए और विटामिन- सी मौजूद होता है, जो आपके शरीर को कई तरह के संक्रमण से बचाने में सहायक हो सकता है। इसमें मौजूद आयरन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व शरीर में सफेद रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को बढ़ावा देने में कारगर हो सकते हैं।

### वजन को संतुलित करने में है सहायक

अगर आप प्राकृतिक रूप से अपना वजन घटाना चाहते हैं तो अपनी डाइट में कम कैलोरी वाली खान-पान की चीजों समेत रोज एप्पल को शामिल करें। इस फल में मौजूद उच्च फाइबर लंबे समय पेट को भरा हुआ महसूस कराता है, जो अस्वास्थ्यकर लालसा को रोककर वजन घटाने को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। रोज एप्पल कैलोरी में भी कम होता है और इसमें वसा की मात्रा भी ना के बराबर होती है।

### आंखों के स्वस्थ रखने में है कारगर

रोज एप्पल में विटामिन- ए मौजूद होता है, जो आंखों को स्वस्थ में अहम भूमिका अदा कर सकता है। यह विटामिन आंखों की रोशनी को बेहतर करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह आंखों की जलन और गठिया के इलाज में भी मदद कर सकता है। रोज एप्पल के एंटी-ऑक्सीडेंट गुण मुक्त कणों से लड़कर आंखों की कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के नुकसान और कई रोगों के जोखिम कम करने में मदद कर सकते हैं।

### त्वचा के लिए है बढ़िया

रोज एप्पल में पाया जाने वाला विटामिन- सी त्वचा के स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। बता दें कि कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स को बनाते समय रोज एप्पल के पत्ते के अर्क का उपयोग किया जाता है। इसका मुख्य कारण है कि यह एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है, जो त्वचा की सूजन, मुंहासें और एलर्जी जैसी समस्याओं का प्राकृतिक रूप से इलाज कर सकते हैं।

### हड्डियों को मजबूती प्रदान करने में है मददगार

कैल्शियम से भरपूर रोज एप्पल हड्डियों को मजबूत और स्वस्थ बनाए रखने समेत हड्डियों से संबंधित विकारों जैसे ऑस्टियोआर्थराइटिस या ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम को कम करने में सहायक हो सकता है। 100 ग्राम रोज एप्पल में लगभग 29 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। यह फल हड्डियों के घनत्व में भी सुधार कर सकता है। इसमें मैग्नीशियम और पोटेशियम भी मौजूद होता है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकते हैं।

Hero
Authorised Dealer
KGN HERO
9907999822, 7974074371
Junwani Road, Near By Falaknuma Masjid, Kohka, Bhilai, E-Mail:kgnhero06@gmail.com

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# सरकार तुहर द्वार कार्यक्रम सराहनीयः मंत्री उमेश पटेल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** रायगढ़ जिले में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए लगाये गए समाधान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की दिक्कतें दूर हुई। पुसौर विकासखण्ड ग्राम सूपा में लगाए गए शिविर में जन समस्याओं के निराकरण के साथ ही मेगा हेल्थ कैम्प का भी आयोजन हुआ।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने जिला प्रशासन की पहल पर चलाए जा रहे सरकार तुहर द्वार कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए लोगों सेऐसे शिविरों का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने इस मौके पर ग्रामीणों को शिविर में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तहत् पेंशन प्रमाण पत्र वितरण के साथ ही स्कूली बच्चों को निःशुल्क सायकल, किसानों को पट्टे और किसानों को विभिन्न फसलों के बीज मिनीकीट वितरीत किए।

ग्राम सूपा में समाधान शिविर के साथ ही वहां लगाए गए मेगा हेल्थ शिविर में 3361 मरीजों की जांच की गई। शिविर में 60 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। 809 लोगों को कोविड का बूस्टर डोज लगाया गया। 94 दिव्यांगों का पंजीयन किया गया। मेगाा शिविर में हृदयरोग, शिशुरोग, अस्थिरोग, चर्मरोग, न्यूरोलॉजिस्ट, नेत्ररोग, मूत्ररोग, नाक-कान-गला रोग, ऑडियोलॉजिस्ट, मानसिक स्वास्थ्य की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई। गंभीर केस के मरीजों को बेहतर उपचार के जिला अस्पताल रेफर किया गया। हेल्थ कैंप में मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इसके अलावा राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, दिव्यांग पत्र, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र सहित हर विभागों से जुड़े आवेदनों का निपटारा किया गया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने सामाजिक सहायता योजना के तहत 20 हितग्राहियों को 20-20 हजार का चेक वितरित किया। साथ ही उन्होंने 24 हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण-पत्र, 40 स्कूली छात्राओं को सायकल प्रदान किया। इसके अतिरिक्त नोनी सुरक्षा योजना के तहत 10 हितग्राहियों को 20 हजार का चेक का वितरित किया।

इसके अलावा हितग्राहियों को 278 हितग्राहियों का श्रम कार्ड, 66 राशन कार्ड का वितरण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 12 नये ड्रायविंग लायसेंस बनाए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, जनपद पंचायत सीईओ महेश पटेल, सीईओ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खास खबर

### कणेश्वर धाम महानदी के तट पर हुआ भव्य गोवर्धन पूजा महोत्सव

**रायपुर।** सर्व यादव समाज सिहावा परीक्षेत्र के तत्वाधान में भव्य गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 35 यादव नृत्य दल और अखाड़ा दलों ने भाग लेकर सुंदर प्रस्तुतियां दी साथ ही छोटे बच्चों का कृष्ण राधा बनो प्रतियोगिता भी कराया गया । उससे पूर्व सिहावा की विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले यादव सामुदायिक हेतु भूमि पूजन उक्त स्थल पर किया प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को नगद राशि के रूप मे पुरस्कार दिए गए यादव महासंघ छत्तीसगढ़ के संयोजक माधव लाल यादव उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ,उन्होंने समाज के इस प्रयास की सराहना की और पुरातन परंपरा को जीवंत रखने समाज के अध्यक्ष गोवर्धन यादव, डी .के.यादव और उनके पूरी टीम की सभी ने प्रशंसा की . माधव यादव ने अपने उद्बोधन में समाज से मृत्यु भोज को बंद करने की अपील की तथा रायपुर के यादव छात्रावास में बच्चों को निशुल्क रखने की जानकारी उन्हें दी।

### जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार आज 9 नवम्बर 2022 को स्वीप गतिविधि के तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का प्रारंभिक प्रकाशन तथा जिले के उच्च शैक्षणिक संस्था शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को निर्वाचन के प्रति जागरुक तथा उत्साहित करना था। कार्यक्रम में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन तथा मतदाता जागरूकता के लिए शहर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इफ्फत आरा ने संबोधित करते हुए बताया कि राज्य में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 होना है जिसमे कलेक्टर द्वारा जिले के सभी पात्र मतदाताओं से अपना नाम मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु अपिल की गई तथा नाम जोड़े जाने हेतु प्रक्रिया भी समझाई गई।

धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के दिए निर्देश

# विकास कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करेंः उद्योग मंत्री लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने आज दंतेवाड़ा जिले में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मंत्री श्री लखमा को पीपीटी के माध्यम से जिले में किये जा रहे विकासकार्यों एवं नवाचारों के बारे में अवगत कराया गया। मंत्री श्री लखमा ने संबंधित अधिकारियों को जिले में निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलिया को गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



उन्होंने धान खरीदी के सबंध में जानकारी लेते हुए उपार्जन केंद्रों में बारदानों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। बैठक में उद्योग मंत्री ने जिले में मुख्यमंत्री द्वारा किए गए घोषणाओं की वर्तमान स्थिति से भी अवगत होने के साथ ही इनके क्रियान्यवन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में वितरित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र एवं आश्रम छात्रावासों में अधीक्षकों की उपस्थिति के सबंध में भी जानकारी ली।

उद्योग मंत्री ने आंगनबाड़ी, जर्जर स्कूल भवन की स्थिति जल्द सुधारने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री सुपोषण योजना अंतर्गत बच्चों को दिए जा रहे भोजन, पेयजल की व्यवस्था, स्वीकृत और निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों की जानकारी लेते हुए भवनों को समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों पर भर्ती करने को कहा। मंत्री श्री लखमा ने जिले में नलकूप खनन, सोलर आधारित नलजल प्रदाय की विकासखंडवार जानकारी ली। श्री लखमा ने जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर जिले में आवश्यकतानुसार बोर खनन की बात कही। जिले में मछली उत्पादन से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की आमदनी बढ़ाने हेतु समय-समय पर प्रशिक्षण देने को कहा।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिले में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या, चिकित्सकों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली और इसके सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जीवनदीप समिति, सामान्य सभा की बैठक समय-समय पर करने को कहा। बैठक में दंतेवाड़ा विधायक श्रीमती देवती महेंद्र कर्मा ने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी देते हुए अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने की बात कही। जनप्रतिनिधियों ने भी प्रभारी मंत्री के समक्ष जिले की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ललित आदित्य नीलम सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित थे।

## कलेक्टर दीपक सोनी ने राष्ट्रीय आदिवासी स्काउट गाइड महोत्सव हेतु दल को किया रवाना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव ।** कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा सुकमा में 08 नवम्बर से 12 नवम्बर 2022 तक होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी स्काउट एवं गाइड महोत्सव शिविर में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर मंगलमय शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर शिविर हेतु रवाना किया गया। इस शिविर में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से ड्रील, राज्य प्रदर्शनी, फूड-प्लाजा, आज़ादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाते हुए आज़ादी के स्वतंत्रता सेनानीयों के रूप में फैंसी ड्रेस, सामुहिक परिचर्चा, पारंपरिक लोक गीत, लोकनृत्य, हाईक इत्यादि का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव अशोक कुमार पटेल, जिला सचिव चमन लाल सोरी, जिला संयुक्त सचिव शशिकला ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड नीलम श्रीवास्तव, जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभ देव साहू उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 73 वें स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्टर को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स फ्लैग स्टीकर लगाकर मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यायुक्त बंगाराम सोढ़ी, जिला सचिव चमन लाल सोरी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभ देव साहू, रोवर मुकेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पारदर्शिता और जनभागीदारी मोदी शासन मॉडल की विशिष्ट पहचान है

# आरटीआई के कारगर इस्तेमाल से विकसित और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करने में सहायता मिलेगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि सच्चे मायनों में सूचना का अधिकार अधिनियम का मुख्य लक्ष्य नागरिकों को अधिकार सम्पन्न बनाना, पारदर्शिता लाना, व्यवस्था को भ्रष्टाचार से मुक्त करना और लोकतंत्र को देशवासियों के हाथों में सौंपना है। वे विज्ञान भवन में केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा आयोजित आजादी का अमृत महोत्सवः सिटीजन-सेंट्रिक गवर्नेंस थ्रू आरटीई विषयक वार्षिक सम्मेलन में बोल रहे थे।




ओम बिरला ने कहा कि आरटीआई के कारगर इस्तेमाल से विकसित और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करने में सहायता मिलेगी, जिसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पारदर्शिता और जनभागीदारी मोदी शासन मॉडल की विशिष्ट पहचान है। विज्ञान भवन में केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा आयोजित आजादी का अमृत महोत्सवः सिटीजन-सेंट्रिक गवर्नेंस थ्रू आरटीई विषयक वार्षिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बागडोर अपने हाथों में ली थी, तभी से पारदर्शिता, जवाबदारी और नागरिक-केंद्रीय कामकाज शासन मॉडल की विशिष्ट पहचान बन गये हैं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों के दौरान, सावधानी से लिया गया हर निर्णय सूचना आयोग की आजादी और संसाधन को मजबूत करने के लिये था। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि अधिकार सम्पन्न नागरिक लोकतंत्र का महत्त्वपूर्ण स्तंभ हैं और केंद्रीय सूचना आयोग सूचना के जरिये लोगों को अधिकार सम्पन्न बनाने के लिये काम करता रहेगा।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि सूचना का अधिकार अधियनियम अकेले काम करने वाला कानून नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने, शासन-व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आम नागरिकों की क्षमता निर्माण करने के बड़े विमर्श का हिस्सा है। इनके जरिये आम नागरिक सोच-समझकर निर्णय लेने और विकल्प चुनने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि इसके जरिये नागरिकों और सरकार के बीच भरोसा पैदा होता है ङ्क दोनों को एक-दूसरे पर यकीन होना चाहिये। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के शासन में ही 24 घंटे चलने वाली पोर्टल सेवा शुरू की गई है। यह सेवा देश-विदेश में कहीं से भी, किसी भी समय ङ्क चाहे रात हो या दिन, आरटीआई आवेदनों की ई-फाइलिंग के लिये शुरू की गई। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल मोबाइल आधारित एप्लीकेशन, ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग, ई-नोटीफिक्रेशन आदि के विकास के लिये किया गया।

# खराब सड़को के मरम्मत कार्य में लाएं तेजी - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर संजीव झा ने आज समय सीमा की बैठक में कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जिले की जर्जर सड़कों में आवश्यक मरम्मत, पेंच वर्क सुधार कार्य करके नागरिको की सुविधा के लिए सड़कों को आवागमन लायक बनाएं। उन्होंने खराब सड़कों के मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए मरम्मत कार्य को जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने मरम्मत लायक सड़कों के अप्रारम्भ कार्यों पर नाराजगी जताते हुए सभी सड़कों के निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने बैठक में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए खरीदी केंद्रों में सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान बेचने के लिए पंजीयन कराए गए कुछ किसानों के रकबा शून्य दिखाने की तकनीकी त्रुटि को तत्काल दूर करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदार पटवारी को समन्वय कर पोर्टल में रकबा से संबंधित तकनीकी त्रुटियों को अविलंब दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडे सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर झा ने समय सीमा की समीक्षा बैठक में जिला में आर्थिक रूप से कमजोर तथा अन्य पिछड़ा वर्ग की ऑन लाइन एंट्री की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सर्वे के कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने ग्राम पंचायतों में मौजूद मृत्यु पंजी से मृतकों का आंकड़ा लेकर संबंधित का फौती नामांतरण में प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। इससे लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी और ग्रामीणों को भी खाता विभाजन में सहूलियत होगी। उन्होंने तहसीलदारो को निर्देश दिये कि लंबित राजस्व सबंधी बंटवारे, नामांतरण आदि के प्रकरण गंभीरता से निराकृत किये जाये। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार सीईओ जनपद पंचायत से समन्वय करते हुए ग्राम पंचायतों में सचिव द्वारा संधारित की जाने वाली मृत्यु पंजी के आधार पर पिछले पांच वर्षों के फौती नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण करें।

### संसदीय सचिव राजवाड़े ने किया विभिन्न निर्माण कार्यो का भुमिपूजन

**सूरजपुर।** विधानसभा क्षेत्र भटगांव अन्तर्गत विकास कार्य को गति प्रदान करते हुए सिलफिली महाविद्यालय से हीरा डबरी होकर लटोरी तक 5.58 कि.मी. तक पक्का सड़क निर्माण, एन.एच.43 से शा.उ.मा.वि. सिलफिली तक सी.सी. सड़क निर्माण एवं सिलफिली पासंग नाला के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कुल लागत 8 करोड़ 20 लाख रु. का भुमिपूजन संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सिलफिली आ.जा.से. सहकारी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष अवनीश सिंह को शपथ ग्रहण कराया गया।

















## खास खबर

### लेनदेन के विवाद में बिलासपुर के प्रापर्टी डीलर का अपहरण

**बिलासपुर (ए)।** सकरी क्षेत्र के आसमां सिटी कालोनी में रहने वाली महिला ने अपने पति के अपहरण की शिकायत की है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति तीन नवंबर को कार से अंबिकापुर जाने के लिए निकले। इसके दूसरे दिन फोन कर बताया कि उन्हें रुपये की जरूरत है। उसने पत्नी को 10 लाख की व्यवस्था करने के लिए कहा। महिला ने परिचित से पूछताछ की तो पता चला कि लेनदेन के विवाद में किसी ने उनके पति का अपहरण कर लिया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सकरी क्षेत्र के आसमां सिटी में रहने वाली अकबरी खातून गृहिणी है। उनके पति वकील अंसारी प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। प्रापर्टी डीलर तीन नवंबर की दोपहर अपने घर से अंबिकापुर जाने के नाम पर निकले थे। इसके दूसरे दिन वकील अंसारी ने अपने पत्नी को फोन कर 10 लाख रुपये की व्यवस्था करने के लिए कहा। महिला ने वकील अंसारी के दोस्त को फोन करके इस संबंध में पूछताछ की। तब प्रापर्टी डीलर के दोस्त ने बताया कि उसे किसी ने लेनदेन के मामले में बंधक बनाकर रखा है। महिला ने इसकी जानकारी सकरी थाने में दी। इस पर पुलिस अपहरण का मामला का दर्ज कर लिया है। पुलिस संदेही और प्रापर्टी डीलर की तलाश कर रही है।

### बिलासपुर में तीन दिन से गायब किशोरी की पानी में मिली लाश

**बिलासपुर (ए)।** सिरगिट्टी क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी छह नवंबर की रात अपने घर से गायब हो गई। स्वजन ने इसकी शिकायत थाने में की। स्वजन ने बताया कि किशोरी मानसिक और शारीरिक दिव्यांग थी। तोरवा क्षेत्र में बुधवार की सुबह उसकी लाश मिली है। इसकी सूचना पर पहुंचे स्वजन ने हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। इधर पुलिस ने शव का पीएम कराया है। इसकी रिपोर्ट से किशोरी की मौत का कारण स्पष्ट होगा।

सिरगिट्टी थाना प्रभारी पौर्स्य पुर्रे ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले रमेश पाल ने अपनी 16 वर्षीय भांजी के गायब होने की शिकायत की है। उसने बताया कि किशोरी बचपन से ही मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग है। इसके कारण वह घर में ही रहती थी। वह रविवार की शाम घर में ही थी। इस दौरान स्वजन अपने काम में लगे थे। इसी दौरान वह बिना बताए कहीं चली गई। सूचना पर पुलिस अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश रही थी। इधर स्वजन भी किशोरी की तस्वीर लेकर आसपास के गांव में तलाश कर रहे थे।

रमेश तस्वीर लेकर तोरवा क्षेत्र के मानिकपुर गांव की ओर गए थे। वहां ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी गांव में घूम रही थी। इस पर रमेश अपना मोबाइल नंबर गांव के लोगों को देकर आ गए। गांव के स्कूल के पास पानी से भरे गड्ढे में किशोरी का शव देखा।

# नीलेश हत्याकांड : पुलिस ने 35 फीट गहरे कुएं से बरामद किया मृतक का मोबाइल

## फरार तीन अरोपी भी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के बहुचर्चित निलेश डाहरे हत्याकांड के फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दिल दहला देने वाले इस हत्याकांड के मास्टर माइंड सहित 6 आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं प्रकरण में फरार चल रहे तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है। गुरुवार को तीनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया और मृतक का मोबाइल भी जब्त किया गया। आरोपियों ने मोबाइल कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने 35 फीट गहरे कुएं से मोबाइल फोन बरामद किया है।



बता दें स्मृति नगर निवासी निलेश डहरे की बेरहमी से हत्या कर उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर ठिकाने लगा दिया गया था। 17 अक्टूबर 2022 को नीलेश डहरे के लापता होने की शिकायत उनके परिजनों ने दर्ज कराई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि नीलेश डहरे 7 अक्टूबर से लापता था। वह म्यूजिक एलबम बनाने का करता था। शिकायत के पुलिस ने नीलेश डहरे की तलाश शुरू। लगातार जांच के बाद पुलिस को आखिरकार इस मामले का खुलासा करने में सफलता मिली।

दरअसल नीलेश को लेनदेन के मामले में शातिर लोगों ने अगुवा कर लिया था। अगुवा करने के बाद आरोपियों ने उसकी हत्या का शव के टुकड़े-टुकड़े कर ठिकाने लगा दिया था। पुलिस ने इस मामले में सिमगा क्षेत्र के आदतन व कुख्यात आरोपी मोण्टू उर्फ अमरजीत सहित कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियारो के अलावा दहशत गर्दी करने के लिये रखे हथियारो का जखीरा भी बरामद किया जिसमें एक नकली पिस्टल भी था। वहीं इस घटना में शामिल तीन आरोपी फरार थे जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में बलौदा बाजार सिमगा निवासी हरिश निषाद, कोरबा निवासी अभिषेक एक्का व छुईखदान निवासी अभिषेक जंघेल को गिरफ्तार किया है।

पुलिस गिरफ्त में आए फरार आरोपी हरीश उर्फ राजा निषाद ने पूछताछ के दौरान पहले तो गोलमोल जवाब दिया लेकिन बाद में कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि हत्या में प्रयुक्त लोहे की पाईप एवं मृतक के शव को टुकड़े करने में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व घटना के समय पहने हुए कपड़े को अपने घर के पटाव में छिपाया था। वहीं मृतक नीलेश डहरे के मोबाईल को अपने घर के बाड़ी के बंगल के कुएं में फेंकना बताया। आरोपी के बताए अनुसार पुलिस ने कब्जे से लोहे के पाईप कुल्हाड़ी पहने हुए कपड़े को आरोपी के घर के पटाव से बरामद किया।

### कुएं का पानी खालीकर निकाला गया मोबाइल

पुलिस को मृतक का मोबाइल जब्त करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। 35 फीट गहरे कुएं में 25 फीट पानी भरा हुआ था। पुलिस ग्रामीणों की मदद से दो इलेक्ट्रीक मोटर पंप लगाकर पहले कुएं का पानी खाली किया। इसके बाद गांव के एक व्यक्ति ने नीचे उतरकर मोबाइल निकालकर पुलिस को दिया। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 3 घंटे का समय लग गया था। वहीं इस मामले प्रकरण में अन्य दो आरोपी अभिषेक एक्का एवं अभि उर्फअभिषेक जंघेल को स्मृति नगर से गिरफ्तार किया गया। इन दोनों आरोपी के द्वारा मृतक नीलेश डहरे के शव को टुकड़े को नदी में फेंककर बहाने में मदद किया गया था।

# पुलिस कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या



**जगदलपुर।** सामाजिक कार्यक्रम में परिवार के साथ शामिल होने गांव गए एक पुलिस कांस्टेबल की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार तड़के सुबह 4 बजे की बताई जा रही है। घटना बस्तर के मारडूम थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार गोली चलने की घटना के बाद जब मौके पर परिजन और ग्रामीण पहुंचे तो जवान की मौत हो गई थी। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस को आशंका है कि वारदात को अंजाम नक्सलियों ने दिया है। फिलहाल इस मामले की जांच की जा रही है।

### बस्तर जिले में पदस्थ था मृतक कांस्टेबल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृत आरक्षक का नाम नेवरु बेंजाम (32) है। कांस्टेबल बस्तर जिले के टुंडेर रेखाघाटी कैंप में पदस्थ था। 9 नवंबर को अपने परिजनों के साथ एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मारिकोडर गांव गया हुआ था। वहीं आज 10 नवंबर की सुबह कार्यक्रम स्थल में आश्रम के पीछे अज्ञात लोगों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

### मौके से फरार हो गए आरोपी

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस इस मामले में आपसी रंजिश के एंगल से भी जांच कर रही है। बता दें कि यह पूरा इलाका नक्सलियों का गढ़ है। ऐसे में नक्सली हमला होने की संभावना ज्यादा बताई जा रही है। फिलहाल जवान के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पीएम के बाद जवान का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# 6 वीं की बच्ची से 57 साल के अधेड़ ने किया बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा (ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक 6 वीं की छात्रा से बलात्कार की शर्मनाक घटना सामने आई है। बच्ची से रेप किसी और ने नहीं बल्कि उसके ही पड़ोस में रहने वाले एक अधेड़ शख्स ने किया है। आरोपी पड़ोसी मासूम को बाहर घुमाने के बहाने ले गया और सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ हैवानियत कर डाली। जब मासूम की घर पहुंचकर तबीयत बिगड़ी तब इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। पीड़ित बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

### डर गई थी मासूम

13 साल की लड़की 6वीं कक्षा की छात्रा है। कहा जा रहा है कि सोमवार को लड़की घर के पास ही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला सरफराज खान उर्फ राजू (57) उसके पास पहुंचा और किसी बहाने से घुमाने ले गया। इसके बाद लड़की से रेप किया। घटना के बाद लड़की घर आ गई और उसने अपने परिजनों को डर के मारे इस बात की जानकारी ही नहीं दी।

## पिकअप की ठोकर से स्कूटी चालक की मौत

**बिलासपुर (ए)।** गाड़ी का किस्त पटाकर वापस घर जा रहे ग्रामीण को पिकअप ने अपने चपेट में ले लिया इससे मौके पर ही स्कूटी चालक की मौत हो गई । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जरहागांव समीपस्थ छतौना निवासी सुमंत कश्यप उम्र (38) वर्ष अपने स्कूटी में तखतपुर गाड़ी का किस्त पटाने आया था। किस्त पटाकर शाम 4 बजे वापस अपने घर जा रहा था तभी बरेला लक्ष्मी पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था कि सामने की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल दोनों आपस में भिड़ गए। जहां स्कूटी चालक सुमंत दूर जा गिरा वही पीछे की ओर से आ रहे सब्जी वाहन पिकअप तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सुमंत कश्यप के ऊपर पिकअप को चढ़ा दिया। सिर व सीने में गंभीर चोट आने के कारण सुमन कश्यप मौके पर ही मौत हो गई।

नक्सलियों ने अपने ही साथी की हत्या की

## जनअदालत लगाकर घोंटा गला, पर्चा चस्पा कर बोले पुलिस का आदमी था गद्दार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ बॉर्डर से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलियों ने अपने ही साथी की गला घोंटकर हत्या कर दी। नक्सलियों ने आरोप लगाया कि मृतक नक्सली नहीं गद्दार था। इसलिए उसे जन अदालत लगाकर मौत की सजा दी गई है। घटना छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के बॉर्डर से 4 किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली की है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को गढ़चिरौली जिले के गरदेवाड़ा थाना गट्टा में नक्सलियों ने अपने ही साथी दिलीप हिचामी की हत्या कर दी।

मृतक पर लगाया माओवादी की हत्या का आरोपनक्सलियों ने हत्या के बाद मृतक के शर्ट पर एक पर्चा चस्पा किया है। जिसमें लिखा है दिलीप नक्सली नेता शंकर राव की हत्या का आरोपी है। इसलिए उसे जनअदालत में सजा दी गई है। पर्चा के मुताबिक दिलीप उर्फ नितेश हिचामी निवासी झुरेगांव महाराष्ट्र पुलिस का भेजा हुआ आदमी था। जिसे एक मिशन के तहत पुलिस ने नक्सली संगठन में 2011 में भेजा था। जो संगठन में काम करते हुए 2012 में कसनसुर एलओएस का सदस्य बना और अक्टूबर 2022 तक संगठन में काम करता रहा।

## बस्तर फाइटर में नौकरी लगाने के नाम पर दस लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** जिले में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर एवं अनुविभागिय अधिकारी पुलिस के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस द्वारा परलकोट क्षैत्र के बेरोजगार युवकों से बस्तर फाइटर व अन्य नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की ठगी कर जाली नियुक्ति प्रमाण पत्र जारी करने वाले भिलाई निवासी हसन खान को गिरफ्तार करने में पखांजूर पुलिस को महावपूर्ण सफलता मिली है।

थाना पखांजूर में कमलेश पाल निवासी पीवी 27 ने लिखित शिकायत कर बताया कि प्रार्थी व उनके दो दोस्तो द्वारा बस्तर फाइटर कांकेर में भर्ती परीक्षा उपरांत तीनो दोस्तो का वेटिंग लिस्ट में नाम आने पर इनका संपर्क विश्वजीत देवनाथ निवासी पीवी 40 से हुई जो बातो बातों में बताया कि एक युवक जिसका नाम हसन खान उर्फ हुसैन रिजवी जोकि भिलाई-3 चरोदा का रहने वाला है उसका फेसबुक आईडी देखने पर वह नेताओं का खास होना पता चला है तथा अपने को मंत्रालय तक पहुंच बताता है जिससे संपर्क कर विश्वजीत अपने भतीजा और भांजी को फूड इंस्पेक्टर तथा वर्ग 3 क्लर्क में नौकरी लगाने के लिए लगभग 400000 दिया है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड राजेन्द्र पार्क चौक, दुर्ग छ.ग.**
दूरभाष क्र. 0778-2323633 E-mail: eedurg-phe-cg@nic.in

**ई- प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'बी' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन के निम्नलिखित ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत मल्टी विलेज योजना में विभिन्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रमांक | नि.सू.क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | विकासखंड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 164/07.11.2022 | 113863 | पाटन | कुम्हली, बोरवाय, औरी | 280.26 |

नोट:- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 11.11.2022 से देखे जा सकते हैं तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 14.11.2022 है.

जी-95586/6

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दुर्ग (छ.ग.)



**राकेश ट्रेडर्स**
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
**निखार बैंगल**
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र- ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में श्रेणी-डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है.

कार्य का विवरण:- बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम (खम्हरिया समूह) नलजल योजनाओं के अंतर्गत UPVC pipe 6kg पाईप लाईन जोड़ने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, बाउण्ड्रीवाल, क्लोरीनेटर सिस्टम, क्लोरीनेटर रूम, इलेक्ट्रीसिटी कनेक्शन, घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि दिये गये शेड्यूल के अनुसार.

| स. क्र. | सिस्टम नम्बर | निविदा सू.क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 113783 | 180 | समुन्दवारा एकल ग्राम नलजल योजना | 55.47 |
| 2. | 113784 | 181 | बम्हनी एकल ग्राम नलजल योजना | 59.86 |
| 3. | 113785 | 182 | मटिया एकल ग्राम नलजल योजना | 85.62 |
| 4. | 113786 | 183 | गाड़ाघाट एकल ग्राम नलजल योजना | 91.46 |
| 5. | 113788 | 184 | पेण्ड्रीकला एकल ग्राम नलजल योजना | 102.60 |
| 6. | 113789 | 185 | गोपालपुर एकल ग्राम नलजल योजना | 108.37 |

1. बिड प्रारंभ की तिथि- 10.11.2022
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि-18.11.2022

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 10.11.2022 से देखे जा सकते हैं.

जी-95589/5

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766



House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000



माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### शिवनाथ इंटकवेल यार्ड में विद्युत विभाग करेगा आवश्यक मेंटेनेंस

**भिलाई।** शिवनाथ नदी स्थित इंटकवेल यार्ड में विद्युत विभाग के द्वारा दिनांक 11 नवंबर दिन शुक्रवार को आवश्यक मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। इसके लिए विद्युत सप्लाई प्रात: 11:00 बजे से लेकर दोपहर 3:30 बजे तक इंटकवेल में बंद रखी जाएगी। जिसके चलते शिवनाथ इंटकवेल से 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट को इस दौरान पानी की सप्लाई नहीं हो पाएगी, क्योंकि शिवनाथ का मोटर पंप विद्युत अवरोध के कारण चालू नहीं हो पाएगा। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत अवरोध के चलते 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी को पानी नहीं मिलने की वजह से 11 नवंबर दिन शुक्रवार को शाम में भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में पानी सप्लाई प्रभावित होने की संभावना बन सकती है, वही 12 नवंबर दिन शनिवार को सुबह पानी विलंब से आ सकता है। इस दौरान जोन क्षेत्रों के द्वारा अन्य जल संसाधनों के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। शहर के नागरिकों से भी अपील है कि पानी सप्लाई प्रभावित होने के दिनों में इससे पूर्व आवश्यक कार्य के लिए पानी को स्टोर करके रख ले।

### 15 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**दुर्ग।** दुर्ग संभाग के समस्त शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उत्तीर्ण (एस.सी. व्ही. टी. एवं एन.सी.व्ही.टी.) प्रशिक्षणार्थियों के लिए सुजुकी मोटर, गुजरात हंसलपुर प्लांट (बेचाराजी) एवं कलपतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड, (केपीटीएल), धमतरी रोड रायपुर द्वारा 15 नवंबर 2022 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। जिनमें फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई ऑटोमोबाइल ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल इत्यादि पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता के मूल दस्तावेजों एवं सत्यापित छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते है।

### पंचायत उप निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ

**दुर्ग।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार दुर्ग जिले के जनपद पंचायत, दुर्ग के ग्राम पंचायत धनोरा, बेलौदी, महमरा, ननकट्ठी जनपद पंचायत क्षेत्र पाटन के ग्राम पंचायत दैमार, धौराभांठा, कोपेडीह, कुम्हली, परसाही, तुलसी तथा जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत बसनी, खर्रा, पथरिया डो, डगनिया, अछोटी, ढाबा, मोहरेंगा, गाड़ाघाट, ढौर (हि), अकोली, सुखरीकला, गोबरा, मुरमुंदा, मलपुरीखुर्द, विरेभाठ, खैरझिटी तथा डोड़की में वार्डवार निर्वाचक नामावली तैयार कर 09 नवंबर 2022 को प्रारंभिक प्रकाशन कर उक्त ग्राम पंचायतों में नियुक्त प्राधिकृत कर्मचारियों के माध्यम से दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है। उक्त निर्वाचक नामावली 01 जनवरी 2022 के आधार पर तैयार की गई है। कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त अर्हकारी तारीख के संदर्भ में निर्वाचक नामावली में किसी का नाम को सम्मिलित किये जाने या किसी प्रविष्टी को संशोधित करने के लिए दावा करना चाहे या किसी व्यक्ति का नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में आपत्ति करना चाहे तो वे इस संबंध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्ररूप (फार्म) में दिनांक 09 नवम्बर 2022 से कार्यालयीन समय के दौरान तथा अंतिम तिथि 16 नवम्बर 2022 को अपरान्ह 3:00 बजे तक दावा / आपत्ति प्राधिकृत कर्मचारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 21 नवम्बर 2022 है। प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण के उपरांत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 दिसम्बर 2022 को किया जाएगा।

# लाखों लोगों ने भिलाई के धन्वंतरी मेडिकल स्टोर से खरीदी दवाई

### स्वास्थ्य लाभ लेने के साथ ही बचाए करोड़ों रुपए, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में मिल रही है उच्च गुणवत्ता की दवाइयां छूट के साथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से लाखों लोगों ने जेनेरिक दवाइयों की खरीदी की है और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। यही नहीं इन लोगों को करोड़ों रुपए की बचत भी हुई है, क्योंकि भिलाई की धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में 55प्रतिशत की छूट के साथ दवाइयां उपलब्ध हो रही है। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप लोगों को उच्च गुणवत्ता की ब्रांडेड जेनेरिक दवाई सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स योजना भिलाई में संचालित हो रही है।




भिलाई में यदि धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स की बात करें तो 5 स्थानों पर यह स्टोर्स लोगो को जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराने का काम कर रही है। मदर्स मार्केट पावर हाउस, टी मार्केट सुभाष नगर शास्त्री मार्केट, भगवा चौक कैलाश नगर कुरूद, 18 नंबर रोड आंगनबाड़ी केंद्र के पास तथा सुपेला शासकीय शास्त्री अस्पताल में स्थित धन्वंतरी मेडिकल में आसानी से जेनेरिक दवाइयां उच्च गुणवत्ता की प्राप्त की जा सकती है। धन्वंतरी मेडिकल से दवाइयां खरीद कर लाखों लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर चुके है। 104018 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए दवाइयां खरीदी है वही छूट के साथ इन लोगों ने करोड़ों रुपए बचाए है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए भी धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स दवाइयां उपलब्ध करा रहा है।

स्वास्थ्य लाभ मिलने से धन्वंतरी मेडिकल की दवाइयों पर लोगों का भरोसा और विश्वास और भी बढ़ गया है, वही 55त्न छूट का भारी लाभ लोग उठा पा रहे हैं। मध्यम वर्गीय एवं कमजोर वर्ग आय जैसे तबके के लोगों के लिए तो यह योजना वरदान से कम नहीं है। महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के सतत मॉनिटरिंग से योजना का बेहतर लाभ भिलाई वासियों को मिल रहा है। महंगी दवाइयों से छुटकारा पाकर लोग उच्च गुणवत्ता युक्त ब्रांडेड जेनेरिक दवाइयों की ओर रुख कर रहे हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

## मतदाता जागरूकता हेतु विशाल सायकल रैली का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा विभाग व अन्य विभागों के सहयोग से स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु सायकल रैली का आयोजन किया गया। अरविंद एक्का अपर कलेक्टर ने साइकिल रैली को पं. रविशंकर स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पं. रविशंकर स्टेडियम से होते हुए आदर्श कन्या विद्यालय, गांधी चौक, पटेल चौक, बस स्टैण्ड से वापस पं. रविशंकर स्टेडियम में रैली का समापन हुआ। रैली में आदर्श कन्या विद्यालय, जेआरडी, खालसा पब्लिक स्कूल, महात्मा गांधी, महावीर जैन, सरस्वती शिशु मंदिर, सन शाइन, दीपक नगर शासकीय विद्यालय एवं अन्य स्कलों से कक्षा 11 वीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। रैली का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष पूर्ण कर चुके और भावी मतदाताओं को जागरूक करना एवं अन्य लोगों को भी इसकी जानकारी देना था। इस दौरान सायकल और हाथों में बैनर पोस्टर लेकर नारों की गूंज के साथ छात्र-छात्राओं अधिकारियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आम नागरिकों मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने की अपील की। अरविंद एक्का अपर कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करने हुए कहा कि आप सब देश के भावी मतदाता है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाये और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने आगे कहा कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन 9 नवंबर से 08 दिसंबर तक होगा। जिसमें मतदाता अपने निकटतम पंजीयन क्रेन्द्र में नाम, फोटो, पता परिवर्तन करा सकते है।

## अक्टूबर महीने में राजस्व वसूली में दुर्ग आरटीओ फ्लाइंग स्क्वाड अग्रणी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** अक्टूबर महीने में दुर्ग जिले का फ्लाइंग स्क्वाड राजस्व वसूली के मामले में अग्रणी रहा है। दुर्ग जिले में 4980 वाहनों का चालान किया गया और इसके माध्यम से 1 करोड़ 22 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आरटीओ के परिक्षेत्र अधिकारी अनुभव शर्मा ने बताया कि अक्टूबर माह में ओवरलोडेड गाड़ियों के अलावा आरटीओ के अन्य मानदंडों के मुताबिक परिवहन दस्ते द्वारा सघन जांच की गई और मानदंडों पर खरा नहीं उतरने पर कार्रवाई की गई। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि सघन जाँच अभियान चलाते हुए बारीकी से वाहनों की जाँच की गई और प्रकरण बनाये गये। ओवरलोड वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। दुर्ग जिले में ऐसे 56 प्रकरण मालयान ओवरलोड के आये, इन प्रकरणों में 22 लाख 26 हजार रुपए का समझौता शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वाहनों की सघन जाँच की गई और खामियां पाये जाने पर 4746 वाहन चालान किये गये। इसके माध्यम से 76 लाख 91 हजार का समझौता शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि आनलाइन माध्यम से 28 प्रकरणों में 13 लाख 21 हजार रुपए की वसूली हुई। ई चालान से 150 प्रकरणों में 9 लाख 75 हजार रुपए टैक्स वसूल किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर में आरटीओ फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा अक्टूबर महीने में 14 हजार 915 प्रकरणों में 3 करोड़ 82 लाख रुपए की राजस्व वसूली हुई है। कार्रवाई में और राजस्व वसूली के मामले में दुर्ग फ्लाइंग स्क्वाड प्रदेश में अग्रणी है। उल्लेखनीय है कि नवंबर माह में भी लगातार फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा सघन जाँच अभियान चलाया जा रहा है और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## जीई रोड सड़क किनारे से कबाड़ और बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाने का निगम ने चलाया अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत आयुक्त लोकेश चंद्राकार ने सड़कों के किनारे से ऐसे वाहनों को हटाने के लिए निगम अधिकारी व कर्मचारी को अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में आज वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई।

इस दौरान दुपहिया वाहनों को भी हटाने का काम किया गया और चेतवानी देकर अधिकारियों ने कहा दोबारा देखे जाने पर जुर्माना के साथ जप्ती की कार्यवाही किया जाएगा।इसके लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने भी शहर भ्रमण के दौरान निर्देश दिए थे। कबाड़ और



बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण यातायात प्रभावित होता है, कई बार ऐसे वाहन दुर्घटना के कारण भी बनते हैं साथ ही आवाजाही करने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन सभी कारणों को देखते हुए ऐसे वाहनों को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है।राजस्व टीम,बाजार टीम एवं अतिक्रमण टीम के अधिकारियों ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत टीम ने राजेन्द्र पार्क चौक से रायपुर नाका चौक तक जीई रोड किनारे खड़े कंडम वाहनों को हटाया गया और अवैध रूप से सड़क पर बांस बल्ली बनाकर संचालन करने वालों पर कार्रवाई की गई। साथ ही साथ सड़क पर व्यापार के उद्देश्य से किए गए कब्जा को हटाया गया। आज बुधवार को चार घंटे चली कार्रवाई में कुल 30-40 अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई कर हटवाया गया।कार्रवाही के मौके पर अतिक्रमण अधिकारी शिव शर्मा, राजस्व निरीक्षक दुर्गेश गुप्ता, सहायक बाजार अधिकारी थान सिंह यादव,उप राजस्व निरीक्षक चंदन मनहरे,उप राजस्व निरीक्षण निशान्त यादव, सहित टीम अमला मौजूद रहें।

## यूनिवर्सल रेल मिल ने बनाया उत्पादन का नया कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल ने 08 नवम्बर 2022 को विभिन्न प्रोडक्शन पैरामीटर्स जैसे रेल वेल्डिंग, पैनल्स इन्सपेक्षन, तथा रेल ज्वाइंट में नए कीर्तिमान स्थापित किए है। इस अवसर पर संयंत्र के निदेषक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने यूआरएम पहुंचकर मिल बिरादरी को बधाई दी।



यूनिवर्सल रेल मिल ने 08 नवम्बर 2022 को 196 नग वेल्डेड पैनल प्रोडक्शन कर, दिनांक 13 अक्टूबर 2022 को बने पिछले रिकॉर्ड 179 नग पैनलों के प्रोडक्शन को पीछे छोड़ा। इसी प्रकार पैनल्स के इंस्पेक्षन में भी नया रिकॉर्ड बनाते हुए 210 ज्वाइंट का इंस्पेक्षन कर 03 नवम्बर 2022 को बनाए गए 180 ज्वाइंटस् के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। रेल वेल्डिंग लाइन ने अपने मापित क्षमता से 116 प्रतिषत अधिक उत्पादन कर एक नया आयाम कायम किया है। यूआरएम ने इसके साथ ही 08 नवम्बर 2022 को 272 नग वेल्डिंग ज्वाइंट निरीक्षण कर नया कीर्तिमान बनाते हुए 03 नवम्बर 2022 को स्थापित 245 नग वेल्डिंग ज्वाइंट निरीक्षण के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

इस क्रम में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल ने 08 नवम्बर, 2022 को उत्पादित रेल्स उत्पादन में 130 मीटर लंबे रेल का योगदान 76.8 प्रतिषत रहा जो कि अपने आप में एक नया कीर्तिमान है। इस नये कीर्तिमान ने इससे पूर्व स्थापित 76.00 प्रतिषत के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस उपलब्धि पर टीम यूआरएम के साथ-साथ आरसीएल, राइट्स सहित अन्य संबंधित विभागों को भी बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक (यूआरएम) अनीश सेनगुप्ता ने महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय अपनी टीम और अन्य सहयोगी विभागों को दिया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए इंस्पेक्शन एजेंसी राइट्स को भी विषेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा

**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा, दुर्ग में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा दिनाँक 9 से 17 नवम्बर तक होगी। कथा के पहले दिन आज भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। बैंड बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश उठाकर मंगल गीत गाते हुए यात्रा में शामिल हुई। वहीं श्रद्धालु श्रीकृष्ण जी की महिमा के गीतों की धुन पर पूरे रास्ते नाचते गाते भक्ति भाव में डूबे रहे। कलश यात्रा आज दिनाँक 9 नवम्बर को दोपहर 2 बजे श्री बाबा रामदेव मन्दिर, गंजपारा से प्रारंभ होकर सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर पहुँची, कलश यात्रा में यजमान गण भागवत कथा को सिर पर धारण कर यात्रा में सबसे आगे चले। उनके साथ साथ महिलाएं कलश को अपने सिर पर धारण कर उनके साथ चली। कथावाचक आचार्य डॉ. विक्रांत दुबे द्वारा गाए गए।

## जन्मदिन पर देहदान की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राजनांदगाव निवासी सतपाल कौर भाटिया ने आज अपने जन्मदिन पर राजनांदगाव से दुर्ग आ अपने देहदान की घोषणा नवदृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से की और अपने जन्मदिन को यादगार बनाया,सतपाल कौर के पति टायर व्यवसाई कवलजीत सिंह वसीयत के साक्षी बने,पुत्र प्रियंश, रशि व पुत्र वधु तनमीत अजमानी भाटिया ने देहदान हेतु सहमति दी,

सतपाल कौर ने कहा बहुत समय से उनके मन में देहदान करने की इच्छा थी और आज जन्मदिन पर यह घोषणा की ,यह जन्मदिन उन्हें ता उम्र याद रहेगा,उनके इस दुनिया से जाने के बाद भी दो लोग उनके नेत्रों से देखा पाएं व मेडिकल छात्रों के रिसर्च हेतु उनका शरीर काम आए तो उनका जन्म सार्थक होगा

कुलवंत भाटिया ने कहा पूर्व में भी सतपाल कौर की छोटी बहन हरदीप कौर नवदृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से अपने नेत्रदान की



घोषणा कर चुकी हैं व परिवार के कुछ सदस्यों का नेत्रदान भी हुआ है आशा है समाज के अन्य लोग भी भाटिया परिवार से प्रेरणा लेंगे व देहदान ,नेत्रदान हेतु जागरूक होंगे।

नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य सत्येंद्र राजपूत ने कहा अन्य जिलों में भी हमारी संस्था के सदस्य सक्रीय हैं किन्तु वंहा से दुर्ग आ कर देहदान की घोषणा करने से हमारे सदस्यों का उत्साह व मनोबल बढ़ेगा यदि कोई देहदान व नेत्रदान पर कोई जानकारी चाहे तो हमें 9301219898 /9827159417 नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकता है।

## शहर के बदतमीजों में पढ़े-लिखे भी शामिल

गुस्ताखी माफ

- दीपक रंजन दास

भिलाई नगर निगम और यातायात पुलिस दुर्ग-भिलाई ने एक संयुक्त अभियान छेड़ा है. दोनों मिलकर मुख्य सड़कों के किनारे से अतिक्रमण हटा रहे हैं. सड़क की पटरियों (फुटपाथ) पर वाहन कबाड़ियों का कब्जा है. यहां यूज्ड कार, फ्रयूज्ड टू-व्हीलरफ्र से लेकर फर्नीचर, लोहा लक्कड़ और फर्शी पत्थरों तक के 'ओपन एयर शोरूम' हैं. पटरियों पर कब्जा करने वालों में रिक्शा, ठेला, ऑटो, छोटा हाथी से लेकर क्रेटा, नेक्सा तक सभी शामिल हैं. लोग जहां तहां-गाड़ी लगा देते हैं. मना करने पर दो मिनट में आ रहा हूँ कहकर निकल लेते हैं. पिक-पिक की आवाज के साथ गाड़ी लॉक हो जाती है. गजब तो यह है कि लोग कारों के शीशे उतारकर सड़क पर खड़े-खड़े ही फल और सब्जियां खरीदने लगते हैं. दरअसल, पिछले दो-ढाई दशकों में नवधनाढ्यों की एक पूरी फौज खड़ी हो गई है. एक तरफ जहां इनके शौक निराले हैं वहीं दूसरी तरफ इनसे तमीज की उम्मीद तो बिल्कुल भी नहीं करनी चाहिए. कोई भी इनके मुंह नहीं लगना चाहता. पार्किंग को लेकर कुछ कह दिया तो आंखें तरेरकर देखते हैं- मानो कच्चा चबा जाएंगे. वैसे भी इक्का-दुक्का जगहों को छोड़ दें तो शहर के अधिकांश बाजारों में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है. पार्किंग की व्यवस्था हो भी तो गाड़ियों को वहां करीने से लगवाने में ही पसीना छूट जाएगा. सड़क पर कारों की संख्या बाइक से ज्यादा हो गई है. कार अब जरूरत की बजाय शौक ज्यादा है. जिन्हें कोई काम नहीं, वो भी ड्राइविंग सीख रहे हैं. किशोर वय के बच्चे भी एक चक्कर लगा आता हूँ के नाम पर कार लेकर निकल पड़ते हैं. व्यस्त दिनों में मॉल की विशाल बेसमेंट पार्किंग भर जाती है. गाड़ियां सामने की सड़क पर छलक आती हैं. डी-मार्ट की पार्किंग के गेट बंद करने की नौबत आ जाती है. सिविक सेंटर के 'हरिराज' वाले कोने का भी यही हाल है. पिछले कुछ समय से शहर में मल्टीलेवल पार्किंग की भी बातें हो रही हैं. यातायात व्यवस्था किसी भी शहर के चाल-चरित्र का आईना भी होती है. लोगों में कितना 'सिविक सेंस' है, वहां की ट्रैफिक को देखकर ही इसका अंदाजा लगाया जा सकता है. लोग तिराहों-चौराहों पर इस तरह गाड़ी लगाते हैं कि साइड स्ट्रीट से आने वालों के लिए सड़क पर चढ़ना मुश्किल हो जाता है. कुछ लोग मोबाइल पर बात करते हुए 15-20 की रफ्तार से कार रेंगा रहे होते हैं. ऐसे लोग दूसरों को अनावश्यक ओवरटेकिंग के लिए बाध्य करते हैं. साल 2021 के लिए देश भर से जुटाए गए आंकड़ों की मानें तो सड़क हादसों में मरने वाले कुल एक लाख 55 हजार 622 लोगों में से 42 हजार 853 मौतें ओवरटेकिंग की वजह से हुई थीं. ओवरटेकिंग के अधिकांश मामले मजबूरी के होते हैं जिसके लिए सड़क पर खड़ी गाड़ियों से लेकर रेंगने वाली गाड़ियां दोनों समान रूप से जिम्मेदार होती हैं. इनकी जिम्मेदारी तय नहीं की तो बाकी प्रया ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित होंगे.




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950